CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -154 राजनांदगांव, रविवार 21 अप्रैल 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## अमेठी के बाद राहुल गांधी को वायनाड भी छोड़ना पड़ेगा : महाराष्ट्र में बोले प्रधानमंत्री मोदी

नांदेड़। महाराष्ट्र के नांदेड़ और परभणी में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है. उन्होंने कांग्रेस को एक ऐसी 'बेल' करार दिया, जिसकी अपनी कोई जड़ या जमीन नहीं है और वह उसे सहारा देने वाले को ही सुखा देती है. उन्होंने लोगों से 'विकसित भारत' और 'विकसित महाराष्ट्र' के लक्ष्यों को साकार करने के लिए विपक्षी गठबंधन से सतर्क रहने को कहा.

पीएम मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि इस लोकसभा चुनाव में 'कांग्रेस के साहबजादे' केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से हारने जा रहे हैं. नांदेड़ और परभणी दोनों राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित हैं. उन्होंने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा, ''कांग्रेस के शहजादे को वायनाड में संकट दिख रहा है. शहजादे और उनकी टोली 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान का इंतजार कर रही है. जैसे ही 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान पूरा हो जायेगा, वैसे ही ये शहजादे के लिए एक और सुरक्षित सीट की तलाश करेंगे, क्योंकि



अमेठी के बाद उन्हें वायनाड भी छोड़ना होगा. परभणी में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव भारत को विकसित और आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए है. उन्होंने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस एक ऐसी बेल है, जिसकी अपनी न कोई जड़ है, न जमीन. इसे जो सहारा देता है, यह उसे ही सुखा देती है.

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर देश का विभाजन करने का आरोप लगाया और दावा किया कि उसने अनुच्छेद 370 के बहाने कश्मीर में संविधान लागू नहीं होने दिया. महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और 'फर्जी शिवसेना (शिवसेना (यूबीटी) के संदर्भ में) याकूब मेमन की कब्र को सजाने में व्यस्त थी.

मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में दोषी मेमन को 2015 में फांसी दी गई थी. उन्होंने कहा, ''जब 'इंडी% गठबंधन (विपक्षी समूह) सत्ता में था, तो उन्होंने (लोगों को) यह महसूस नहीं होने दिया कि निजाम शासन समाप्त हो गया है, रजाकार मानसिकता यहां हावी थी. उनकी प्राथमिकता याकूब मेमन की कब्र को सजाने की थी. प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का चुनाव है. मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के पिछले कार्यकाल में लोगों ने 'चंद्रयान' मिशन की सफलता देखी और अगले कार्यकाल में 140 करोड़ भारतीय 'गगनयान' की सफलता देखेंगे. उन्होंने कहा कि यह ऐसा पहला चुनाव है, जहां लोग कोरोना वायरस रोधी टीके से लेकर सशस्त्र बलों के लिए हथियारों तक 'आत्मनिर्भर भारत' की सफलता के (शेष पृष्ठ 7 पर...)

## ईडी की हिरासत में अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश, बयान दर्ज कराने पहुंचे थे ऑफिस

रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीम ने रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा को हिरासत में लिया है। आबकारी घोटाला मामले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और यश टुटेजा अपना बयान दर्ज करवाने के लिए एसीबी और ईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान ईडी की टीम अनिल टुटेजा और यश टुटेजा को एसीबी और ईओडब्ल्यू ऑफिस से अपनी कार में बैठाकर रवाना हो गई।

बता दें कि एसीबी और ईओडब्ल्यू ने शराब घोटाला केस में अनिल टुटेजा और यश टुटेजा का नाम भी शामिल है। नई एफआईआर में दोनों का नाम दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि



ईडी ने पूछताछ के लिए दोनों को हिरासत में लिया है। ईडी ने ईओडब्ल्यू कार्यालय में दोनों से करीब 5 घंटे तक पूछताछ की।

### दो हजार करोड़ का शराब घोटाला

ईडी की जांच के मुताबिक, पूर्व कांग्रेस सरकार में उच्च स्तरीय अधिकारियों, निजी व्यक्तियों और राजनीतिक अधिकारियों वाला एक सिंडिकेट काम कर रहा था। छत्तीसगढ़ में शराब व्यापार में बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया। साल 2019-22 में दो हजार करोड़ रुपये से अधिक काले धन की कमाई हुई। मनी लॉन्ड्रिंग मामला 2022 में दिल्ली की एक अदालत में दायर आयकर विभाग की चार्जशीट से उपजा है। पूर्व की कांग्रेस सरकार पर आरोप है कि सीएसएमसीएल (शराब की खरीद और बिक्री के लिए राज्य निकाय) से शराब खरीदने के दौरान रिश्वतखोरी हुई। प्रति शराब मामले के आधार पर राज्य में डिस्टिलर्स से रिश्वत ली गई और देशी शराब को ऑफ-द-बुक बेचा गया। ईडी के मुताबिक, डिस्टिलर्स से कार्टेल बनाने और बाजार में एक निश्चित हिस्सेदारी की अनुमति देने के लिए रिश्वत ली गई थी।

### जनवरी 2024 में हुई थी एफआईआर

एसीबी और ईओडब्ल्यू ने ईडी के पत्र के आधार

## मुरादाबाद से भाजपा उम्मीदवार सर्वेश सिंह का निधन, पीएम मोदी ने जताया शोक, भाजपा जीती तो होंगे उपचुनाव

मुरादाबाद। पूर्व सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह (72) की दिल्ली स्थित एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। वे लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। निधन की जानकारी मिलने पर पार्टी में शोक की लहर फैल गई।



मुरादाबाद लोकसभा के प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। नामांकन करने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई। इसी कारण वह चुनाव प्रचार में भाग नहीं ले सके। पूर्व सांसद के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने मेडिकल चेकअप कराने के लिए दिल्ली स्थित एम्स गए थे। वहां इलाज के दौरान शाम को उनकी मौत हो गई। निधन की जानकारी मिलने पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने शोक जताया है। प्रदेश अध्यक्ष रविवार को उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए लखनऊ से आएंगे।

बता दें कि भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह ठाकुरद्वारा विधानसभा सीट से वर्ष 1991, 1993, 1996, 2002 औप 2012 में (पांच बार) विधायक निर्वाचित हो चुके थे। वह वर्ष 2014 में सांसद रह चुके थे। 2019 में उन्हें सपा के एसटी हसन ने हरा दिया था। उनके बेटे शुशांत सिंह बिजनौर जिले की बड़ापुर विधानसभा सीट से विधायक रहे हैं। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

## टैक्स कलेक्शन में छत्तीसगढ़ का नया कीर्तिमान, पिछले साल की जीएसटी की तुलना 22% की हुई वृद्धि

रायपुर (दावा)। टैक्स कलेक्शन में छत्तीसगढ़ ने नया कीर्तिमान बनाया है। स्टेट टैक्स विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में 20,000 करोड़ टैक्स कलेक्शन के माइल स्टोन को पार कर लिया। विभाग ने कुल 20.361 करोड़ रु. जीएसटी और वैट जमा कराया। पिछले वर्ष की तुलना मे जीएसटी में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। वहीं कमिश्नर ने लापरवाही मामले में जहां एक अधिकारी को सस्पेंड किया है, तो वहीं सात कर्मचारियों को शो कॉज नोटिस जारी किया है।

प्रवर्तन शाखा द्वारा केवल अंतिम तीन महीनों में 45 व्यवसायियों की जांच से 32 करोड़ रु. जमा कराये, 14 बोगस फर्मों का भंडाफोड़ किया और ई वे बिल जांच से 8 करोड़ 61 लाख की टैक्स और पेनल्टी जमा कराई गई। स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा कर चोरी रोकने के लिए एडवांस आई टी टूल्स का उपयोग किया जा रहा है। विभाग द्वारा करदाताओं की सुविधा के लिए और राज्य में जीएसटी से जुड़ी



### लापरवाही मामले में 1 सस्पेंड, 7 को शो कॉज

समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नस (ईओडीबी) सेल का भी गठन किया गया है।

इसी तारतम्य मे जीएसटी की टोल फ्री हेल्पलाइन भी शुरू की गई है। राज्य कर आयुक्त द्वारा चेम्बर ऑफ कॉमर्स, टैक्स बार एसोसिएशन, चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा अन्य सभी व्यावसायिक संगठनों और छोटे व्यापारियों से लगातार संवाद हेतु एक आउटरिच कार्यक्रम भी घोषित किया है जिसके अंतर्गत राज्य कर आयुक्त खुद महीने में तीन बार इन संगठनों के साथ बैठक करेंगे साथ ही वृत्त और जिला स्तर पर भी संयुक्त आयुक्त स्तर के अधिकारी व्यापारियों से मिल कर उनकी समस्याओं को जानेंगे और उन्हें दूर करने का प्रयास करेंगे। विभाग, कर प्रशासन को साफ और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

राज्य कर आयुक्त द्वारा सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे नियमो के अनुरूप और राजस्व हित में ही कार्य करें। कार्य में लापरवाही और अनियमितता की शिकायत पर आयुक्त द्वारा महासमुंद के राज्य कर अधिकारी नन्द कुमार कुर्रे को निलंबित कर दिया गया है। चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने हेतु बांटे जाने वाले वस्तुओं के परिवहन की जांच के लिए ओड़ीशा राज्य की अंतरराज्यीय सीमा पर अवस्थित चेक पोस्ट पर ड्यूटि के दौरान श्री कुर्रे द्वारा अनियमितता किए जाने की शिकायत मिली थी जिसे गंभीरता से लेते हुये प्रारम्भिक जांच पश्चात आयुक्त ने उन्हें निलंबित किया है। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

## गांधी नगर से दूसरी मर्तबे नामांकन दर्ज



गांधीनगर। केन्द्रीय गृह सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर संसदीय क्षेत्र पर से दूसरी मर्तबे नामांकन-पत्र भरा है। जिसमें दर्शाए शपथ-पत्र में उनके और उनकी पत्नी की चल-अचल की कुल सम्पत्तियां रूपए 65.67 करोड़ दर्शायी है। यह सम्पत्ति वर्ष 2012 के शपथ-पत्र के अनुसार 558 प्रतिशत, वर्ष 2017 के शपथ-पत्र में 189 प्रतिशत तथा पिछले वर्ष 2019 में दर्ज किए गए शपथ-पत्र के अनुसार 163 प्रतिशत की वृद्धि बताती है। वर्ष 2012 में उन्होंने अपने और अपनी पत्नी की कुल सम्पत्तियों का मूल्य 34.81 करोड़ दर्शाया था। जबकि, पिछले 2019 में उन्होंने और उनकी पत्नी की कुल सम्पत्ति 40.28 करोड़ दर्शायी थी। उन्होंने पिछले छह साल में उनका ऋण यथावत दर्शाया है। पिछले शपथ-पत्र के अनुसार उन्होंने अपना ऋण 15.77 लाख तथा पत्नी का ऋण 26.32 लाख दर्शाया है।

### अमित शाह की 65.67 करोड़ की चल-अचल सम्पत्ति

















CMYK

# झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों के लिए आवास योजना में बनाए गए पक्के मकान - अभिषेक सिंह

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे को ऐतिहासिक मतों से विजयश्री दिलाने के लिए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने राजनांदगांव विधानसभा में कमर कस ली है, वे लगातार सभी शक्ति केंद्रों एवं मंडलों तथा ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। इसी परिपेक्ष में आज उन्होंने भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं की बैठक ली, जिसमें पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि एक गरीब व्यक्ति का सपना अपनी झोपड़ी को पक्का करने का होता है, पक्के मकान में रहने का सपना साकार करने का कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।



श्री सिंह ने कहा कि इसके पूर्व गांव के गरीब एवं झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों ने कभी नहीं सोचा था कि कभी उनका भी पक्का मकान होगा, परंतु देश की विषम परिस्थितियों में लंबे संघर्ष के साथ कड़ी मेहनत के बाद मोदी जी ने प्रधानमंत्री का पद संभाला। श्री मोदी को गरीब परिवेश में पलने एवं बढ़ने के कारण गरीबों के दर्द का एहसास था एवं गरीब की पीड़ा को वे भलीभाँति समझते थे। इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को पक्के मकान देने की योजना का श्रीगणेश किया एवं अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में 4 करोड़ गरीब परिवारों को स्वयं के मकान उपलब्ध कराकर उनके रहन-सहन के स्तर मे सुधार लाया।

श्री सिंह ने कहा कि वह चाहते हैं कि पूरे देश में एक भी झुग्गी झोपड़ी ना रहें और सभी को पक्के मकान उपलब्ध हो जाये इसके लिए आवश्यक हैं कि श्री मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में सत्ता सौपे। झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रत्येक कार्यकर्ता अबकी बार-400 पर के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी सहभागिता निभाए। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक की शुरुआत में प्रतिवेदन देते हुए झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संयोजक मनोज निर्वाणी ने केंद्र में बैठी भाजपा सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि पिछली सरकार ने गरीबों को आवास से वंचित किया। 5 लाख के निःशुल्क बीमा से वंचित किया और केंद्र की कई योजनाओं का लाभ भूपेश सरकार ने नहीं लेने दिया, इसलिए इस बार 26 अप्रैल को ऐसे लबरा भूपेश को सबक सिखाने के लिए सभी लोग तैयार हैं और इस बार भारी मतों से संतोष पांडे को विजयी दिलाने के लिए झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता जी जान से जुट चुके हैं। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस अनेक वर्षों से गरीबी हटाओ का नारा देती आ रही हैं किन्तु अपने सत्तर वर्षों के शासनकाल में गरीबी नहीं हटा सकी।

इस पार्टी ने गरीबी हटाओ का केवल नारा दिया और इसके अलावा कुछ नहीं किया। अब जनता जान चुकी है, वास्तव में गरीबी हटाने का काम भाजपा ने किया है। इस अवसर पर पूर्व महापौर अजित जैन, निगम के पूर्व सभापति शिव वर्मा ने भी अपने विचार रखें। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवशरण सिंह, जिला संयोजक मनोज निर्वाणी पार्षद मधु बैद, अनिल नागवंशी, कृष्णा तिवारी, एलबी नगर से आए मनोज कांदे, कुमर्दा मंडल संयोजक साहू, बिट्टू गुप्ता, उमेश साहू, रजत वैष्णव, एन के साहू, कांति मौर्य, पुरुषोत्तम गांधी, भाजपा दक्षिण मंडल महामंत्री हकीम खान सहित झुग्गी झोपड़ी के अनेक कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, भाजपा मंडल के पदाधिकारी मौजूद थे। झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रभारी राधेश्याम गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

## सुनिश्चित जीत का सन्देश देगी प्रियंका जी की जनसभा -पायलट

### निरीक्षण कर व्यवस्था को सराहा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री सचिन पायलट मोहड़ डोंगरगांव पहुंचकर आज 21 अप्रैल को होने वाले प्रियंका गांधी की जनसभा स्थल का निरीक्षण किया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रुपेश दुबे ने बताया कि छग प्रभारी श्री पायलट ने तैयारियों का जायजा लेने के बाद व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि आज देश में जो अराजकता का माहौल है संवैधानिक संस्थाओं के विश्वनीयता खतरे में है देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी की मार झेलने विवश है और 10 वर्षों तक देश को विकास की मुख्य धारा से पृथक कर धर्म की राजनीति कर आपसी भाई चारा को तोड़ने का काम भाजपा कर रही है, अराजक केन्द्र रूपी भाजपा सरकार को लोकतंत्र के इस महापर्व में जनादेश देते हटाने का संकल्प रूपी मतदान करना और कराना है यह देश की पहली ऐसी सरकार है जिसमें किसान, युवा, महिलाएं, व्यापारी, कर्मचारी सहित सर्वहारा वर्ग परेशान एवं दुखी हैं अधिनायक वाद की तर्ज पर चल रही देश की सरकार को हम सबको उखाड़ फेंकना है देश में नारी शक्ति की प्रत्येक प्रियंका गांधी का आगमन इस पावन धरा पर होने जा रहा है और प्रियंका गांधी की सभा के लिए विशेष उत्साह नजर आ रहा हैं इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू, गिरीश देवांगन, विनोद वर्मा, धनेश पाटिला, शाहिद भाई, थानेश्वर पाटीला, पदम कोठारी, आलोक चंद्राकर, भागवत साहू, जितेंद्र मुदलियार, वीरेंद्र बोरकर, गिरीश सोनवानी, संजय संचेती सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे आज डोंगरगढ़ क्षेत्र में



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे पूरे संसदीय क्षेत्र के धुंआधार जनसम्पर्क दौरे में हैं इसी क्रम में कल वे कुमर्दा में पार्टी द्वारा आयोजित उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विराट जनसभा में शामिल होने के पश्चात डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में व्यापक प्रवास पर रहेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे कल दिनांक 21 अप्रैल को दोपहर 02:00 बजे ग्राम पुराना अछोली से अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुवात करेंगे, फिर वे ग्राम धूसेरा, बेलगाँव, कलेन्द्रा, ठाकुरटोला, खैरबना, सिवनी, बिजनापुर, मुहारा होते हुए ग्राम चैतुखपरी पहुचकर आमजनों से मुलाकात करते हुए चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे इस दौरान उनके साथ जिले एवं डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज प्रियंका गांधी की सभा के बाद खैरागढ़ विधानसभा में



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल खैरागढ़ विधानसभा के ग्रामों में आज 21 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल दोपहर 12.30 बजे प्रियंका गांधी की सभा हथौद बालोद में शामिल होंगे। पश्चात 3 बजे मोहड़ डोंगरगांव में प्रियंका गांधी की सभा में शामिल होकर शाम 5 बजे खैरागढ़ विधानसभा के ग्राम पेंड्रीकला, खैरागढ़ शहर राजीव चौक, छुईखदान कांग्रेस भवन, बस स्टैंड, डोकराभांठा, राहुद, करमतरा, रंगकठेरा, शेरगढ़, भोथी, सोनपुरी में जनसंपर्क करेंगे।

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष के निवास पहुँच अभिषेक सिंह ने की परिजनों से मुलाकात



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव विधानसभा की कमान सम्हाले पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने शनिवार को भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह के निवास पहुँच कर परिजनों से सौजन्य मुलाकात की व विभिन्न विषयों पर चर्चा की। गौरतलब है कि मोनू बहादुर सिंह के अग्रज देवेश सिंह बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ हैं। अभिषेक सिंह ने उनसे मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। तत्पश्चात परिवार के लोगों से मुलाकात कर राजनीति सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उत्तर मंडल के अध्यक्ष अतुल रायजादा, प्रशांत गुप्ता गोलू, प्रखर श्रीवास्तव, सज्जन सिंह ठाकुर, अंशुल श्रीवास्तव, सूरज नायक, प्रवीण शुक्ला, सोहन चौरसिया,नानका रजक, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## देश और समाज को दिये आदिवासियों के योगदान को केवल भाजपा ने पहचाना - देवेन्द्र प्रताप सिंह

**आदिवासी समाज का समर्थन व सहयोग भाजपा के साथ - एम.डी. ठाकुर**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में आदिवासी बहुल क्षेत्रों में धुंआधार प्रचार करने आज सुप्रसिद्ध आदिवासी नेता व राज्यसभा सांसद राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह का आगमन हुआ हैं और उन्होंने जिले की पाँच विधानसभा क्षेत्रों में एक दर्जन से भी अधिक सभाओं में आदिवासी समाज को जागृत करते हुए कहा कि हम बूढ़ादेव को मानने वाले लोग भारतीय संस्कृति की अविभाज्य अंग हैं, सांस्कृतिक समाज से हमें अलग दिखाने का षड्यन्त्र बहुतेरे लोगों द्वारा किया जा रहा हैं, ये लोग आदिवासियों को भड़काने उन्हे समाज से अलग दिखाने की कोशिश कर रहें हैं, किन्तु ऐसे लोग कभी सफल नहीं होंगे। हम भारतीय समाज के अभिन्न अंग हैं और भविष्य में भी रहेंगे और विरोध करने वाले लोग मुंह के बल गिरेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जनजातिय गौरव समाज के प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. ठाकुर के साथ हुए अपने प्रवास में उन्होंने आगे कहा कि आजादी के बाद आदिवासी समाज के गौरव की प्रतिष्ठा किसी ने की, तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, उन्होंने मुझ जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता को राज्यसभा जैसे उच्च सदन में भेजने की अनुकंपा की, छत्तीसगढ़ प्रदेश में हमारी बरसों-बरस मांग की प्रदेश में आदिवासियों मुख्यमंत्री को भी उन्होंने पूरा कर दिखाया और तो और देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी महिला को प्रतिनिधित्व दिया जिससे देश का सम्पूर्ण आदिवासी समाज अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस दौरान अनेक स्थानों पर आदिवासी समाज को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जल, जंगल व जमीन में समाज के प्राकृतिक अधिकार सदैव भाजपा के नेतृत्व में सुरक्षित रहने वाले हैं उन्हें उनके अधिकारों से कोई भी जुदा नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री श्री मोदी की जनहितकारी नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक नागरिक को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने की महत्वकांक्षी योजना पर काम चल रहा हैं, आदिवासी क्षेत्रों के अनेक ग्रामों को इस योजना का लाभ प्रत्येक्ष मिलना प्रारंभ हो गया है। आदिवासी क्षेत्रों में मोदी जी की सोच से ही मुफ्त राशन देने का कार्य चल रहा हैं यह योजना अगले पाँच वर्षों तक जारी रहेगी इसी प्रकार आदिवासी भाइयों को प्रधानमंत्री आवास के तहत पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहें हैं, सुदूर पिछले आदिवासी क्षेत्रों में भी पक्की सड़क बन रही हैं विकास के नये युग का सूत्रपात हो रहा हैं अतः हम सब मिलकर मोदी जी के कंधों को मजबूत बनाकर देश की मुख्यधारा का अंग बने, यही समय की मांग है। इस दौरान क्षेत्र के ख्यातिलब्ध आदिवासी ने एम. डी. ठाकुर ने भी अपनी बात सारगर्भित ढंग से रखी। मोहनपुर,चारभाठा, ओराड़बांध, टप्पा, में खुज्जी विधानसभा के गैंदाटोला में, मोहला विधानसभा के ग्राम गोटाटोला में, डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मदनपुर में तथा राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अचानकपुर, तोरणकट्टा व ग्राम रेवाडीह में चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

## हार की संभावना देखते हुए भूपेश बघेल बड़े-बड़े झूठ बोल रहे हैं- अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि हार की संभावना देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बड़े-बड़े झूठ बोल रहे हैं इनकी झूठ बोलने की स्थिति यहां तक आ गई है कि राशन कार्ड में भाजपा शासन ने 35 किलो अनाज की जगह अब 5 किलो प्रति राशन कार्ड देगी ऐसा झूठ बोल रहे हैं ज्ञात होगी इस महीने और आगामी महीने 2 महीने का राशन 70 किलो पीडीएस की दुकानों में मिल रहा है इसी तरह किसानों को प्राथमिक सोसाइटी में इस वर्ष खेती करने के लिए 24000 की जगह 18000 रुपए ही मिलेंगे, यह बात सरासर गलत है क्योंकि जिला केंद्रीय सहकारी बैंक की मीटिंग में इस तरह की कोई भी निर्णय नहीं लिया गया है जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी खाद और नगदी रुपया प्रति एकड़ 24000 रुपए के दर से ही दिया जाएगा। किसान भाईयों से आग्रह है कि इस तरह की झूठी बातों के फेर में ना आवे अपनी सोसाइटी में और अपने राशन दुकान में इस बात की पुष्टि कर ले भूपेश बघेल अपने संभावित हार के करण अपनी होश हवाई खो बैठे हैं। आप सब से आग्रह है कि 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार फिर से प्रधानमंत्री बनने के लिए कमल छाप को अपना समर्थन देंगे।

## आज कुमर्दा में यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ की जंगी आमसभा

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने का पार्टी का अभियान अपने आखिरी चरण में पहुंच गया हैं, पार्टी के नेता व कार्यकर्ता पूरे संसदीय क्षेत्र में पार्टी को विजयी बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक रखे हैं, प्रचार अभियान को गति प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय नेता अमित शाह, राजनाथ सिंह, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बाद कल 21 अप्रैल रविवार को देश के स्टार प्रचारक व उत्तर प्रदेश के तेज तर्रार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जंगी आमसभा होने जा रही हैं।



भाजपा मीडिया सेल प्रभारी योगेश दत्त मिश्रा व अशोक लोहिया द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार योगी आदित्यनाथ कल 21 अप्रैल को दोपहर 11:30 बजे खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुमर्दा में पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में विराट चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सभा के लिए जिला भाजपा ने ऐतिहासिक तैयारियों को अंजाम दिया, सभा स्थल को भाजपा के झंडे, बैनर, फ्लेक्स व कटआउट से आकर्षक स्वरूप से सजाया गया। पार्टी द्वारा योगी जी का भव्य स्वागत करने हेतु तैयारियां की जा रही हैं, भीषण गर्मी को देखते हुए आम जनता के लिए बैठक व्यवस्था व पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, पार्टी के लोकसभा कलस्टर प्रभारी व पूर्व मंत्री राजेश मूणत, लोकसभा संयोजक मधुसूदन यादव, सहसंयोजक दिनेश गांधी व नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल देर रात तक तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक जिम्मेदारियां सौपी है, सभा की सफलता के लिए खुज्जी व डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता पूरी ताकत झोंक रखी हैं।

## जन्मोत्सव : कल सुबह हनुमान चालीसा, दोपहर अभिषेक और शाम को सामूहिक सुंदरकांड

**0 श्री हनुमान जयंती पर श्री सिद्धपीठ बालाजी हनुमान मंदिर में विविध आयोजन**
**0 खैरागढ़ के सुप्रसिद्ध गायक डॉ. विभाष देंगे भजनों की प्रस्तुति**



राजनांदगांव (दावा)। गंज लाईन स्थित श्री सिद्धपीठ बालाजी हनुमान मंदिर में आगामी 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। समिति द्वारा अखंड रामायण, प्रभातफेरी, अभिषेक और भजन संध्या के साथ-साथ सवामणी भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

श्री बालाजी हनुमान मंदिर में 22 अप्रैल को सुबह 9 बजे से अखंड रामचरितमानस पाठ के साथ जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत होगी। दूसरे दिन 23 अप्रैल को सुबह 4 बजे से सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है। सुबह साढ़े पांच बजे मंदिर परिसर से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभातफेरी शहर के विभिन्न मार्ग से भ्रमण करने के उपरांत मंदिर परिसर में इसका समापन होगा। सुबह 8 बजे से श्री बालाजी का अभिषेक एवं पूजन होगा। प्रातः 9 बजे जन्मोत्सव एवं श्रृंगार आरती के उपरांत सुबह 10 बजे हवन-पूजन कार्यक्रम रखा गया है। दोपहर 12 से 3 बजे तक सवामणी भंडारा प्रसादी का आयोजन भी किया गया है। शाम 4 बजे से सामुहिक सुंदरकांड पाठ, रात्रि साढ़े सात बजे से महाआरती और रात को 8 बजे से खैरागढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक डॉ. विभाष पाठक द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। श्री बालाजी हनुमान मंदिर समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## होम वोटिंग के माध्यम से घर पर मतदान कर 92 वर्षीय श्रीमती सुलखन सोनपिपरे लोकतंत्र के महापर्व में हुए शामिल

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के उद्देश्यों को परिलक्षित करते हुए मतदान अधिकारियों द्वारा जिले के चिन्हांकित दिव्यांगजनों और 85 प्लस बुजुर्ग व्यक्तियों के घरों में जाकर मतदान कराया गया। अत्यंत दिव्यांगता और अधिक उम्रदराज से लोकतंत्र में हिस्सा बनने से वंचित न हो, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई है। जिले के उम्रदराज और दिव्यांगजनों ने होम वोटिंग कर लोकतंत्र में अपनी उपयोगिता साबित की है। होम वोटिंग के लिए नियुक्त मतदान अधिकारियों ने मतदान कराने दूरस्थ वनांचल ग्राम खैरबना, मोहनपुर, गाताटोला, तेन्दूनाला, आसरा, पुरेना, अण्डी, बिच्छीटोला, पिनकापार, मेढ़ा जाकर दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के घरों में दस्तक दी। होम वोटिंग के लिए शेष रहे मतदाताओं का 19 अप्रैल को मतदान कराया गया। मतदान अधिकारियों को अपने घर में देखकर मतदाताओं सहित परिजनों ने खुशी जाहिर की। मतदाताओं ने कहा यह बहुत अच्छा क्षण है जिससे हम अपने देश के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं।



मोहनपुर निवासी 92 वर्षीय श्रीमती सुलखन बाई सोनपिपरे ने होम वोटिंग के माध्यम से अपना मताधिकार का उपयोग किया। श्रीमती सुलखन बाई के बेटे ने कहा कि यह बहुत खुशी का समय है कि लोकतंत्र के महापर्व में उनकी मां शामिल हो रही है। मतदान अधिकारियों द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही मतदान कराया जा रहा है। उनकी मां पहले स्वयं मतदान बूथ में जाकर वोट दे देती थी। लेकिन उम्र की अधिकता और लकवाग्रस्त होने के कारण पिछले दो वर्षों से बिस्तर पर है। जिसके कारण कही चल-फिर नहीं पाती है। पिछले निर्वाचन में भी होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही मतदान की थी। उनके बेटे ने कहा कि भारत निर्वाचन अयोग की इस अच्छी पहल के कारण उम्रदराज और दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार से वंचित होने से बच रहे हैं। उनके लिए यह सुविधा बहुत लाभकारी है। बिना परेशानी के वे घर पर ही वोट दे रहे हैं। जिससे वे लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभा रहे हैं। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिले के अंतिम छोर वनांचल ग्राम खैरबना निवासी 98 वर्षीय श्रीमती सोनकुंवर चंद्रवंशी और 97 वर्षीय श्रीमती सोनाबाई निषाद ने घर पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए अपने मताधिकार का उपयोग किया। श्रीमती सोनकुंवर अत्यंत बुजुर्ग हैं। वे नहीं चल पाती हैं न ही बोल पाती हैं। श्रीमती सोनकुंवर की नाती श्री देवानंद ने मतदान करने के लिए सहयोग किया। परिजनों ने बताया कि पहले मतदान केन्द्र तक मतदान कराने के लिए ले जाया जाता था। लेकिन पिछले विधानसभा निर्वाचन में बीएलओ द्वारा होम वोटिंग की सूचना देने पर चिन्हांकित किया गया। पिछले विधानसभा निर्वाचन में भी होम वोटिंग के माध्यम से मतदान की थी और इस बार लोकसभा निर्वाचन में भी घर में मतदान करने का अवसर मिला है। ग्राम खैरबना की श्रीमती सोना बाई निषाद के बेटे ने मतदान करने में सहयोग किया।

## भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में खूबचंद पारख आज ग्रामीण क्षेत्रों में

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के वरिष्ठ नेता व लोकसभा चुनाव के सहसमन्वयक खूबचंद पारख आज 21 अप्रैल को राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक दौरा कर पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में जनसम्पर्क कर चुनावी सभाओं के संबोधित करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पारख ग्राम धामनसरा, मलपुरी, बेलटिकरी, कुम्हालोरी, कोटराभाठा, बुच्चीभरदा व ग्राम आरला का दौरा करेंगे।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
235-0 680-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 19 से भव्य शुभारंभ रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बीए फाइनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अजंवी चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
19th April to 25th April 2024




The Legacy Of Jineshwar - 06:30 & 09:30 pm
B A Final Year (chhattisgarhi)- 12:30 & 03:30 pm
Maidaan - 06:00 & 09:00 pm
Bade Miyan Chote Miyan - 12:00 & 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निर्देशात्मक सूचना
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में संविदा चिकित्सा प्रैक्टिशनर्स (जीडीएमओ) का एन्गेजमेन्ट
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में संविदा चिकित्सा प्रैक्टिशनर्स (जीडीएमओ) के तीन (03) पदों (अनारक्षित) पर उम्मीदवारों के एन्गेजमेन्ट के लिए ऑनलाइन साक्षात्कार 'गूगल मीट' के माध्यम से दिनांक 29.04.2024 (सोमवार) को 10:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया दिनांक 26.04.2024 या उस पूर्व जा सकती है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी एवं अन्य विवरण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की वेबसाइट https://secr. Indianrailways.gov.in पर उपलब्ध हैं।
पथ निम्नानुसार है: Recruitment/News/Press Release → Recruitment → Nagpur Division → Fresh Engagement of Contract Medical Practitioners in Nagpur Division of South East Central Railway.
मंडल कार्मिक अधिकारी,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
AIM/03-011
स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

राजनांदगांव, रविवार 21 अप्रैल 2024



































## अनमोल दावा

**मन अशांत हो तो उसे नियंत्रित करना कठिन हैं लेकिन अभ्यास से इसे वश में किया जा सकता है।**

# ईरान के इस्फहान शहर पर इजराइली ड्रोन से हमले के बाद युद्ध की आशंका बढ़ी

दोनों देश के बीच टकराव के शुरुआती चरण में ही जिस तरह अलग-अलग ध्रुव बनते दिखने लगे हैं, उससे साफ है कि अगर इसका दायरा फैला तो यह तीसरे विश्वयुद्ध की शक्ल भी ले सकता है।

ईरान के परमाणु ठिकाने वाले शहर इस्फहान पर इजराइल के हमले की खबर के बाद लगने लगा है कि युद्ध को टालने की कोशिशें अब नाकाम साबित हो रही हैं। स्थिति और नाजुक हो रही है। अमेरिका और ब्रिटेन ने ईरान पर नए प्रतिबंधों की घोषणा कर दी है। जाहिर है, ईरान के सामने अगर मुश्किलें पेश आएंगी तो उसकी प्रतिक्रिया भी शायद संतुलित न रहे।

गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में सीरिया में ईरान के दूतावास को इजराइल ने ड्रोन हमले से ध्वस्त कर दिया था। उसमें ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के दो जनरल समेत कुछ अन्य लोग मारे गए थे। उसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया। इसके बाद से ही इजराइल के जवाबी कार्रवाई की आशंका बनी हुई थी।

अब इस्फहान पर इजराइली ड्रोन हमले की खबर से साफ है कि हालात नाजुक हो सकते हैं। हालांकि ईरान ने ऐसे किसी हमले से इनकार किया है। उसने कहा है कि वह सिर्फ ड्रोन उड़ाने की कोशिश थी, जिसे मार गिराया गया। अगर इतना भी हुआ है, तो इससे टकराव और तनाव गहरा ही होगा। यह रास्ता कहां जाता है, छिपा नहीं है।

विडंबना है कि इसमें शामिल सभी सक्रिय पक्षों को पता है कि किसी भी समस्या या विवाद का आखिरी हल बातचीत के जरिए ही निकाला जा सकता है। इसके बावजूद पहले सैन्य क्षमताओं की आजमाइश और टकराव को ही अकेला रास्ता माना जा रहा है। सवाल है कि अगर इजराइल और ईरान एक-दूसरे के ठिकानों पर हमला करते हैं, तो इससे नुकसान किसका होगा और कौन लोग नाहक मारे जाएंगे!

इस टकराव के शुरुआती चरण में ही जिस तरह अलग-अलग ध्रुव बनते दिखने लगे हैं, उससे साफ है कि अगर इसका दायरा फैला तो यह तीसरे विश्वयुद्ध की शक्ल भी ले सकता है। अब तक के दो विश्वयुद्धों के जो अनुभव रहे हैं, उसमें तत्काल इस बात की जरूरत है कि संयुक्त राष्ट्र और महाशक्ति माने जाने वाले देश दखल देकर संबंधित पक्षों को बातचीत की मेज पर लाएं। युद्ध की आग और भड़की तो अत्याधुनिक तकनीकों और घातक हथियारों के इस युग में इसके नतीजे भयावह होंगे।




# अंहिसा, सत्य के संदेशवाहक - महावीर स्वामी

**गौतम पारख**



अंहिसा के सर्वोच्च उद्घोषक, चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2550 निर्वाण वर्ष प्रारंभ होने जा रहा है। भगवान महावीर का अंहिसा सिद्धान्त समस्त सिद्धान्तों का सार है। उनकी वैज्ञानिकता अकाट्य मौलिक और त्रैकालिक है। अंहिसा और सत्य ही महावीर के दर्शन के प्राण है। यही धर्म की जान है। भगवान महावीर का प्रबोध उभयमुखी है। वह जहाँ एक ओर अन्तर्जगत की सुप्त चेतना को प्रबुद्ध करता है वही दूसरी ओर समाज की मोहनिंद्रा को भी भंग करता है। महावीर ने साधक की अन्तरात्मा को जागृत करने के लिए आध्यात्मिक चिन्तन दिया है, जिसकी ज्योति कभी धूमिल नहीं होगी। यह वह ज्योति है जो जाति-कुंलपंथ और देश आदि के किसी भी वर्ग विशेष में आबद्ध नही है। चिन्तन में वह संकरे गलियारों में न घुमकर सीधे आत्मतत्व को स्पर्श करती हैं। यह महावीर का ही मुक्त उद्घोष है कि हर आत्मा मूलतः परमात्मा है। क्षुद्र से क्षुद्र प्राणी में भी अनन्त चैतन्य ज्योति विधमान है। अपेक्षा है कि ऊपर के अज्ञान, मोह, राग, द्वेष आदि कर्मावरणों को तोड़ देने की। इस तरह महावीर का ईश्वरत्व प्राणीमात्र का है, किसी एक व्यक्ति विशेष का नही। महावीर का प्रबोध केवल धर्म परम्पराओं के आध्यात्मिक तत्व बोध तक ही परिसीमित नहीं है। उनका दर्शन जीवन के विभाजन का दर्शन नहीं है। वह एक अखण्ड एवं अविभक्त जीवन दर्शन है। अतः उनका प्रबोध आध्यात्मिक धर्मक्रान्ति के साथ सामाजिक क्रान्ति का उद्घोष को भी तथ्य की गहराई तक छूता है। भगवान महावीर का सामाजिक क्रान्ति का उद्घोष चिर अतीत के बन्धनों में जकड़ी मातृजाति को मुक्ति दिलाता है। उसके लिए वर्षों से अवरूद्ध विकास पथ को खोल देता है। उस युग में दास प्रथा कितनी भंयकर थी। दासों के साथ पशुओं से भी निम्न स्तर का व्यवहार किया जाता था। मानवता के नाम पर उनका धार्मिक, नैतिक या सामाजिक कोई भी मूल्य नहीं था। महावीर का क्रान्तिस्वर दास प्रथा के विरोध में भी मुखरित होता है। वे अनेकों बार सामाजिक परम्पराओं के विरोध में जाकर पीड़ित दलित एवं प्रताड़ित दासियों के हाथ का भोजन भी लेते है। जाति और कुल के जन्मना श्रेष्ठत्व को भी उन्होंने चुनौती दी। जन्म की अपेक्षा कर्म की श्रेष्ठता को ही उन्होंने सर्वोपरि स्थान दिया है। उनके संघ में हरिकेश जैसे अनेक चाण्डाल आदि जाति के शिष्य थे। जिनके सम्बन्ध में उनका कहना था कि जाति की कोई विशेषता नही होती बल्कि विशेषता सद्गुणों, सत्कर्मो की होती है। जिसके फलस्वरूप देवता भी चरणों में नतमस्तक हो जाते है। महावीर ने लोक और परलोक के सम्बन्ध में फैले अन्धविश्वास को तोड़ा और उनके नीचे दबे यथार्थ के सत्य को उद्घाटित किया। हम देखते है कि भगवान महावीर ने वर्ग विहीन तथा शोषक मुक्त समाज की स्थापना के रूप में जो यथा प्रंसग पारिवारिक सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक दृष्टि का शंखनाद किया। आज पूरा विश्व उसी ओर प्रयाण कर रहा है। भविष्य में यह प्रमाणित हो जावेगा कि महावीर ने अपने, पराये की सभी विभाजक रेखाओं से परे विश्व जनीत मंगल कल्याण की पृष्ठभूमि रखी। दुर्भाग्य है कि आज उन्हीं के तथाकथित अनुयायी अपने ही घर में अपने, पराये को रेखाकिंत करने में अपनी शक्ति, धन, सामर्थ्य लगा रहे है।



भगवान महावीर ने अंहिसा, सत्य अचौर्य, ब्रम्हचर्य, अपरिग्रह रूपी महाव्रतों को ही साधना पथ के पथिक के लिए पहली आवश्यकता निरूपित किया है। इन पाँच महाव्रतों की सूक्ष्म व्याख्या जो महावीर ने की है वह अपने आप में अद्वितीय है। मन, वचन, काया से किसी भी सूक्ष्म से सूक्ष्म पापवृत्ति को करना नहीं, करवाना नहीं और करते हुये का अनुमोदन नहीं करना ही सन्त जीवन की प्रथम कसौटी है। महावीर की देन के बीच मेरा ध्यान महावीर जयन्ती के पावन प्रंसग में जन्मोत्सव पर आकर केद्रित हो गया। लगभग नवमास और साढ़े सात दिन गर्भावस्था पूर्ण होने पर चैत्र शुक्ल 13 (ईस्वी पूर्व 599, 30 मार्च) के दिन त्रिशला देवी ने एक पुत्र रत्न को जन्म दिया। त्रिशला की निकटतम परिचारिका प्रियवंदा राजा सिद्धार्थ को पुत्रजन्म की बधाई दी। पुत्ररत्न प्राप्ति की बधाई सुनकर पिता सिद्धार्थ की खुशियों का पार नहीं रहा। उन्होंने शुभ समाचार की खुशी में दासी को अपने शरीर में पहने हुये समस्त आभूषण केवल मुकुट को छोड़कर भेट स्वरूप दे दिया। साथ ही उसे जीवनभर के लिए दासता के बंधन से मुक्त कर दिया। मुक्ति के संदेशवाहक महावीर के जन्म के क्षण से ही जैसे मुक्ति के प्रथम अभियान का श्री गणेश हो गया। वे विश्व में प्रकाशपुंज बनकर अवतरित हुये इसलिये सहज ही सम्पूर्ण विश्व प्रकाश से जगमगा उठा। सिर्फ मनुष्य लोक और स्वर्ग लोक की धरती ही नही बल्कि निरंतर घोर अंधकार में रहने वाले नरक की भूमि पर भी प्रकाश किरणे फैली कि वहाँ के निवासी क्षणभर के लिए प्रकाश का दर्शनकर पुलकित हो उठे। इसी प्रंसग पर कहा गया है कि जन्मबेला में देवताओं में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। इन्द्र व अगणित देवी देवताओं ने मिलकर महावीर का जन्म अभिषेक करने का निर्णय लिया। देवताओं ने माता त्रिशला को गहरी नींद दिलाकर नवजात शिशु को वहाँ से उठाकर मेरूपर्वत पर ले गये। स्वर्ण कलशों में जल भर-भरकर देवतागण महावीर का जलाभिषेक की स्पर्धा करने के साथ कार्य सम्पादित करने लगे। एक साथ जलाभिषेक से कही नवजात शिशु को असहय पीड़ा न हो। इस आशंका से देवराज देवताओं को रोकना चाहते थे कि जन्म से तीन ज्ञानों के स्वामी महावीर ने देवराज के मन की शंका को जान लिया। सहसा बाललीला के रूप में उन्होंने बांए पाव के अंगुठे से मेरूपर्वत को जरा सा दबाया तो मानो विशाल मेंरूपर्वत ही कांप उठा- जैसे प्रलयकाल का तूफान आ गया हो। इन्द्र देवतागण अंचभित रह गये, देखते ही रह गये। वे सभी जान गये कि यह तो अनन्त शक्तिशाली प्रभु की बाललीला की छोटी सी झलक है। देवराज चरणों में गिर पड़े, कहने लगे प्रभु आपके अनन्त सामर्थ्य का ज्ञान नहीं होने के कारण हमने आपकी अवमानना कर दी। देवो ने जलाभिषेक कर शिशु को पुनः त्रिशला देवी के पास लाकर सुला दिया। जन्म के बारहवें दिन राजा सिद्धार्थ ने एक विशाल प्रीतिभोज किया। भोजन पश्चात् सभी को संबोधित करतें हुये राजा सिद्धार्थ ने कहा कि जब से यह बालक गर्भ में आया है तब से ही धन, धान्य, कोष्ठागार, और राजकोष में अभिवृद्धि ही अभिवृद्धि हो रही है। अतः इसका नाम गुण सम्पन्न वर्धमान रखा जाता है। इस तरह महावीर का जन्मोत्सव के साथ वर्धमान नाम रखा गया।

मैं सोचने लगा कि पूत के पांव पालने मे ही दिखने लगते है। भगवान महावीर का संदेश जन-जन के हृदय का श्रृंगार बने। सप्तव्यसनों का त्याग मानवता के लिए अनिवार्य बने। हिंसा, नक्सलवाद, आंतकवाद मूलरूप से समाप्त हो। समता, सहिणुता, सहअस्तित्व की भावना व्यक्ति के व्यक्तित्व की पहचान बने। करूणा, दया, अंहिसा, स्यादवाद, हमारी समझ बने। सत्य जीवन की सांस बनी रहें। यही भगवान महावीर के संदेशो का सार है प्राण है, धड़कन है। वीर प्रभु से हम प्रार्थना करे हे प्रभु इस कलयुग जिसे पंचम आरा भी कहते है, ये हमें पाप के दलदल में फंसने से बचा लेना। हे प्रभु कर्मदर्शन के सिद्धान्तों पर हमारी गहरी आस्था बनी रहे। भावो की पवित्रता हमारी कथनी और करनी की एकरूपता का पाथेय बने, यही शक्ति समझ, सोच हमें देते रहना, देते रहना।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 125 : राजकुमारी उर्मिला के लक्ष्मण जी से विवाह का प्रस्ताव स्वीकार

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



लक्ष्मण जी ने कहा, ''भैया कहां तो हम गुरु विश्वामित्र के साथ उनके यज्ञ की रक्षा के लिए अयोध्या से निकले थे और कुछ ही दिनों में सघन वन पार करने के बाद हम इस मंगल नगरी में आ गए हैं। पिताश्री स्वयं यहां पधारे हैं। हम तो इन सबकी कल्पना ही नहीं कर सकते थे।''

''सचमुच लक्ष्मण! यह अद्भुत संयोग है और अब तो अयोध्या और मिथिला दोनों राज्यों के बीच प्रगाढ़ संबंध स्थापित हो गया है।'' श्री राम ने कहा।

''अयोध्या वापसी के समय भाभी सीता भी हमारे साथ होंगी और जब हम अयोध्या वापस लौटेंगे, तो माताएं हर्षित होकर उनका अभिनंदन करेंगीं।'' लक्ष्मण जी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा।

''मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा है अनुज कि देवी सीता अयोध्या अकेली नहीं जाएंगी।उनके साथ महाराज जनक की द्वितीय सुपुत्री राजकुमारी उर्मिला भी जाएंगी।'' श्री राम ने गूढ़ अर्थ भरे वचन कहे।

''ऐसा क्यों भैया?''लक्ष्मण जी ने आश्चर्य से पूछा।

हंसते हुए श्री राम ने कहा, ''उर्मिला भी सीता की तरह अपूर्व सौंदर्य और गुणों से युक्त है। मुझे लगता है कि तुम्हारे और उर्मिला के विवाह का प्रस्ताव भी शीघ्र ही किसी एक पक्ष की ओर से दूसरे पक्ष के पास शीघ्र ही रखा जाने वाला है।''

श्री राम के ऐसा कहने पर लक्ष्मण जी संकोच से भर उठे।

''मेरे जीवन में तो आपके सिवा किसी और की भूमिका हो ही नहीं सकती है भैया! मैं तो सदैव आपकी सेवा में ही रहना चाहता हूं।''

हंसते हुए श्री राम ने कहा, ''उर्मिला तुम्हारे जीवन उद्देश्य में बाधक नहीं साधक ही होगी लक्ष्मण! आओ अब पिताश्री से भेंट के लिए चलें।''

दोनों भाइयों में यह चर्चा हो रही है और उधर महाराज जनक महाराज दशरथ से अतिथि गृह में जाकर भेंट की तैयारी कर रहे हैं। जब महाराज दशरथ का दल जनवासे में प्रवेश कर रहा था तो वहां की व्यवस्थाओं का स्वयं निरीक्षण कर राजकुमारी उर्मिला वापस लौट रही थीं। महाराज दशरथ ने दूर से ही राजकुमारी उर्मिला को देखा और एक बार तो उन्हें यह भ्रम हो गया कि कहीं यही तो राजकुमारी सीता नहीं है। महाराज दशरथ के पूछने पर मिथिला के स्वागत अधिकारी ने राजकुमारी उर्मिला के संबंध में उन्हें जानकारी दी। उर्मिला को देखते ही महाराज दशरथ को कुमार लक्ष्मण का स्मरण हो आया। श्री राम का पूर्वानुमान सही था। महाराज जनक ने महाराज दशरथ से पहली भेंट में ही राजकुमारी उर्मिला से राजकुमार लक्ष्मण के विवाह का प्रस्ताव रख दिया। राजा दशरथ ने यह प्रस्ताव तुरंत स्वीकार कर लिया।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -033

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 032 का हल**



## सू- दोकू क्र.033

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.032 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

### बानी का अनुमान

कांग्रेसियों के भाजपा में जाने की
प्रायः रोज ही खबर पढ़-पढ़ कर,
आज बानी बोले-''मुझे लगता है गजाधर!
अपने भैयाजी भी अब,
अपनी पार्टी छोड़ देंगे,
और भाजपा से नाता जोड़ लेंगे।''
गजाधर एकदम .......... उठे -
''यही तो तुम में खराबी है,
और इसी कारण मुझे होती है परेशानी।
तुम्हे कुछ भी लगते रहता है बानी !
मालूम, हमारे भैया जी
कट्टर कांग्रेसी हैं।
वे पद-प्रतिष्ठा, कुर्सी, टिकिट की
चाह मन में भी नहीं रखते हैं।
वे बस तहेदिल से
अपनी पार्टी का काम करते है।''
बानी ने कहना चाहा -
''पर गजाधर! मुझे..... मेरे मन में
मतलब कि.... इसलिए.......।।''
बानी की इकलाइट देखकर,
गजाधर बोले मुस्कराकर -
''हाँ! हाँ!! कहो बानी! तुममे भैयाजी के
भाजपा में जाने के भाव
किसलिए जगने लगे हैं?''
बानी बिना हिचके बोले -
''वो इसलिए गजाधर!
कि आरती के बाद
'रामचन्द्र की जय' कहने
वाले भैयाजी अब,
'जय श्री राम' कहने लगे हैं।''



गिरीश बख्शी

## कविता

### एक वोट का गणित

आया चुनाव का मौसम,
घर-घर चल रहा मतदाता जागरूकता अभियान,
बच्चें कर रहे माता-पिता को प्रेरित, करें मतदान,
मतदान स्वीप कार्यक्रम चल रहा कर्त्तव्य करने को।
चाहे हो त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव,
चाहे हो विधानसभा या लोकसभा चुनाव,
एक वोट का गणित सरकार बनाता है
या फिर सरकार गिराता है।
देखो, 'एक' का गणित कैसा बनता है,
ग्राम, लिटर, मीटर, इकाई से लाख और करोड़,
दस मिलीग्राम = एक सेंटिग्राम,
नौ सौ निन्यान्वे में एक मिलीग्राम जुड़ेगा तभी बनेगा एक ग्राम
नौ सौ निन्यान्वे में एक ग्राम जुड़ेगा तभी होगा एक किलोग्राम
999 मिली लिटर में एक मिलीलिटर मिलेगा तभी बनेगा एक लिटर
999 सेंटिमीटर में एक सेंटिमीटर बढ़ाएंगे तभी बनेगा एक-मीटर ।
99 पैसे में एक पैसा मिलाये बगैर नहीं बनेगा एक रूपया।
09 में एक इकाई मिलाने पर बनेगा एक दहाई
99 इकाई में एक इकाई मिलाने पर बनेगा दस दहाई = एक सौ
999 में एक मिलाने पर बनेगा एक हजार
99999 में एक मिलाने पर बनेगा सौ हजार = एक लाख
99,99,999 में एक मिलाने पर बनेगा सौ लाख = एक करोड़
तो मेरे भाईयों और बहनों, देखो एक का खेल
प्रत्येक 'एक' में आप हैं, प्रत्येक 'एक मत' निर्णायक है।
मतदान हमारा अधिकार, 'मत' में आप की आवाज है,
आप की गहरी भावनाएँ हैं, आप की संवेदनाएँ हैं,
भारत के विशाल प्रजातंत्र में जनता गणतंत्र है,
जनता सर्वोपरी है, जनतंत्र में नागरिकों के हित सर्व प्राथमिकता है।
तो आईये- करें मतदान, निभाएं अपना कर्त्तव्य,
अपनी विवेक से योग्य जनप्रतिनिधि चुनें।

देवेन्द्र महोबे
खैरागढ़

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। कुछ छिपे विरोधी आपके बारे मे अफवाहें फैलाने के लिए तैयार बैठे हैं। ऐसा कोई मौका ही न दें। आज आपकी प्रतिभा मान-सम्मान बढ़ाने में कारगर साबित हो सकती है। इस राशि के जो लोग विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े हैं।

**वृषभ** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बितेगा। आज खुद से बनाई हुई खीर पैरेन्ट्स को खिलाने पर पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, आज उन्हें तोड़कर जीवन में बदलाव लाने में सफल होंगे।

**मिथुन** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज कार्यस्थल पर लोगों के साथ जुड़े रहने की और मिलने-जुलने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपने विचारों में किसी भी प्रकार का बदलाव सोच-समझकर करें।

**कर्क** — आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजर अंदाज न करें। आज अन्य लोगों की, की गई मदद से आपको लाभ मिलेगा। आज का दिन दोस्तों के साथ मौज मस्ती में बितेगा।

**सिंह** — आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज्यादा फायदा दे सकते हैं। आज के दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा।

**कन्या** — आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जाएगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के लिए आप कुछ नया सीखेंगे।

**तुला** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन खुश रहेगा। आज कुछ नए मौके और नये विचार सामने आयेंगे, जिन्हें आप खुले मन से स्वीकार करेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा। सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है, जो आपके बहुत काम आ सकती है। इस राशि के जो लोग कोचिंग संचालक हैं, उनके लिये अपने काम में कुछ बदलाव करने का आज अच्छा दिन है।

**धनु** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज सेहत संबंधी समस्या को किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे। आज आप सकारात्मक बातों पर ध्यान देने की कोशिश करेंगे। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

**मकर** — आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बनाएंगे, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है।

**कुंभ** — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उदास होगा। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**मीन** — आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जाएगा। सेहत आज फिट रहेगी। मन में पैसों को लेकर कई तरह के विचार आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने के लिए समय बेहतर है।

# महालक्ष्मी योजना का फार्म जनता को ठगने का नया हथकंडा- मधुसूदन

## महालक्ष्मी योजना का फार्म भरवाकर नारीशक्ति की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं कांग्रेसी- पूर्व सांसद

राजनांदगांव (दावा)। आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन करते हुए कांग्रेसीयों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महालक्ष्मी योजना का फार्म चोरी छुपे भरवाकर महिलाओं को रिझाने और एक लाख रू. सालाना दिलाने का प्रलोभन दिया जा रहे है। जनता से इस तरह की धोखाधड़ी करने वाले कंग्रेसी नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने आरोप लगाया है कि ऐसे कांग्रेसी नेताओं द्वारा अपने घोषणापत्र में शामिल इस योजना का फार्म भरवाकर नारीशक्ति की भावनाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है। यह कांग्रेसी नेताओं द्वारा जनता को ठगने का नया हथकंडा मात्र है, क्योंकि विपक्ष भी भलिभांति जानता है, कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत भाजपा बहुमत की सरकार तीसरी बार बनना भी तय है। पूर्व सांसद मधुसूदन ने कहा है कि अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस पार्टी का देश के कई राज्यों में पूरी तरह सूपड़ा साफ हो चुका है और कई राज्यों में कांग्रेस एक्का-दुक्का सीटों के साथ विलुप्तता की कगार पर खड़ी है। ऐसे स्थिति में छत्तीसगढ़ में चुनाव में तात्कालिक लाभ लेने के लिये भोलीभाली ग्रामीण माताओं बहनो को बहला-फुसलाकर महालक्ष्मी योजना का फार्म भरवाकर उनका समय व्यर्थ किया जा रहा है, जो



चुनाव के बाद कुड़े के ढेर में रद्दी के टोकरी में फेंक दिया जायेगा, क्योंकि ना ही तो कांग्रेस की सरकार बनेगी और ना ही उन्हें इन फार्मो की कोई आवश्यकता होगी। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन ने आरोप लगाया है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में भी हाथ में गंगाजल लेकर छत्तीसगढ़ की जनता से झूठे वादे करने वाली भूपेश बघेल नीत कांग्रेस सरकार को वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में जनता ने अच्छा सबक सिखाया है। आज भी प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार द्वारा किये गये झूठे वायदो जैसे पूर्ण शराबबंदी, सरकार बनते ही दस दिनों के भीतर संविदाकर्मीयों के नियमितीकरण, दो साल का धान का बकाया बोनस, संपत्तिकर हॉफ करना, दस लाख युवाओं को रोजगार एवं दस लाख युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा, महिला स्वसहायता समूहों की कर्जमाफी, दिव्यांगो, शासकीय कर्मचारियों, युवाओं, मातृशक्ति, अन्नदाताओं आदि के लिये अपने घोषणापत्र में किये गये अपूर्ण वादों को भूली नहीं है। पूर्व सांसद मधुसूदन ने जिले की जनता से कांग्रेसी नेताओं द्वारा किये गये झूठे वादों को याद दिलाते हुए कहा कि आज भी राजनांदगॉव जिले की जनता को कांग्रेस के अपूर्ण वायदे जिनसें बीएनसी मिल पुनः चालू करना, जूट मिल स्थापित करना, हल्दी-सुरगी-कुम्हालोरी सड़क निर्माण, मनकी बांध से ग्राम सुकुलदैहान, लिटिया, धनगॉव, बागतराई, गातापार आदि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का झूठा वादा, सूखानाला बैराज से ग्राम आलीखूँटा में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का खोखला वादा आदि अच्छी तरह याद है। कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल की बड़बोली घोषणाओं एवं मुख्यमंत्रीत्व काल में छत्तीसगढ़ में व्याप्त अराजकता, कुसाशन, नशाखोरी, भ्रष्टाचार, रेत माफिया, खनन माफिया, भू-माफिया, नशा माफिया, जुआ-सट्टा माफिया के रावणराज को जनता भूली नहीं है। वरिष्ठ भाजपा नेता मधुसूदन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि वर्तमान कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल में राजनांदगॉव जिला अंतर्गत आयोजित मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रमों में जिस तरह फर्जी घोषणाओं का अम्बार लगाकर यहॉ की जनता को ठगा एवं अपमानित किया है और यहॉ के सरकारी कार्यालयों को अन्यत्र स्थानांतरित करके जनता से जो दुश्मनी निभाई है, उसका जवाब मतदाता 26 अप्रेल को भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद संतोष पाण्डे के पक्ष में प्रचण्ड मतदान करके देंगे और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी भूपेश बघेल को अपनी फर्जी घोषणाओं, बड़बोलेपन एवं वादाखिलाफी का मोल चुकाना पड़ेगा।

# कांग्रेस की जनहितैषी योजनाओं को बंद कर रही है भाजपा - भूपेश बघेल



राजनांदगांव (दावा)। राजनादगांव से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को कबीरधाम जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकारों को खूब घेरा। भूपेश ने कहा कि प्रदेश कि प्रदेश की सांय-सांय सरकार हमारी सभी जनहितैषी योजनाओं को सांय-सांय बंद कर रही है, अब ना तो गोबर की खरीदी की जा रही है और न ही बेरोजगार युवाओं को कोई बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। भाजपा ने मजदूरों को सालाना 10,000 रूपये देने का वादा किया था, लेकिन एक भी मजदूर को अभी तक सहायता नहीं मिली। साथ ही कांग्रेस सरकार में मिलने वाली 7000 रुपए वार्षिक सहायता भी बंद कर दी।

भूपेश ने कहा कि कबीरधाम के ग्राम मानिकचौरी में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि पिछले 4 महीनों से मनरेगा के पैसे उन्हें नहीं मिले हैं और न ही मनरेगा के तहत कोई काम उन्हें मिला है, इन सबके साथ ही भूपेश ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा केवल वोट के लिए गाय की बात करती है, जबकि इनका गौ-सेवा से कोई सरोकार नहीं है, प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही गौ तस्करी के मामले बढ़ गए हैं, यहां तक कि बीफ बेचने वालों से भाजपा चंदा भी लेती है, यह बात इलेक्टोरल बांड के डाटा से साफ हो जाती है।

आगे भूपेश ने बताया कि आज चुनाव भाजपा या कांग्रेस के बीच नहीं है, बल्कि तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र का है, इस देश के संविधान को बचाने का है, जुमलेबाजी के खिलाफ जनता के मुद्दों का है, कांग्रेस जनता के मुद्दों की, उनकी जरूरतों की बात कर रही है, सभी को न्याय दिलाने की बात कर रही है।

अपने जनसंपर्क कार्यक्रम में भूपेश बघेल ने जिला कबीरधाम के पनेका, मानिकचौरी, बिरकोना, खैरझिटी, सेमो, लखनपुर, रवेली, सूरजपुरा, सुखाताल, पोडी, भालूचुआ, राजनवागांव, खैरबना, बम्हनी, सोनपुरी (रानी), रेवाबंद तालाब चौक, भामाशाह परिसर में जनता को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ जिला अध्यक्ष होरी राम साहू, पीतांबर वर्मा, नीलकंठ चंद्रवंशी, सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## शहर के शक्ति केन्द्र प्रभारी एवं बूथ प्रभारियों की बैठक संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के शक्ति केन्द्र प्रभारी एवं बूथ प्रभारियों की बैठक क्लस्टर प्रभारी एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत एवं वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से, जिला भाजपा के उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, सहकारी प्रकोष्ट के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी, शहर भाजपा के अध्यक्ष अमित जैन, महेन्द्रभाई पटेल, हरविंदर सिंग मंगे, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण साहू, प्रदीप बाघ, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, कुलवंत सिंग कक्कड़, महामंत्री राकेश अग्रवाल, महिला मोर्चा की अध्यक्ष सविता दरगड़, मधुसूदन अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, समस्त पार्षद, एवं बुथ प्रभारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

बैठक में श्री मूणत ने सभी बुथ प्रभारी एवं सेक्टर प्रभारियों से आग्रह किया की बचे हुये समय को पूर्णकालीन समय देकर अपने अपने बूथों में लाभार्थियों एवं आम मतदाताओं के साथ निरंतर संपर्क बनाय रखें एवं अधिकाधिक मतदान कराकर लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे को प्रचंड मतों से विजयी बनाने के लिये जुट जाएं, उक्त बैठक में सांसद प्रतिनिधि मोंटी भाटिया, जसमीत बन्नोआना, पप्पू नामदेव, सुषमा कोठारी, ज्योति बड़वाईक, मीना यादव, द्वारका शर्मा, डॉ. पन्नालाल बाफना सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय मनेरी में न्यौता भोज



डोंगरगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मनेरी विकासखंड डोंगरगांव में न्यौता भोज का आयोजन 19 अप्रैल को किया गया। न्यौता भोज शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने मिलकर किया जिसमें प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति रही। एसएमसी अध्यक्ष कामता यादव, पोहन साहु, जनक साहू, पीलूराम साहु, रोहित नेताम, मिथलेश चंद्रवंशी प्रमुख रहे। उक्त अवसर पर सरपंच जुगतबाई साहू, जनपद सदस्य नरबदबाई चंद्रवंशी, निर्मला मंडावी, कुमेश्वरी साहु, पदमा साहू, पंच योगिता साहू, कीर्तिका साहू, प्रधानपाठक रोशन वैष्णव, संकुल समन्वयक नीलमनी साहु, विनोद शर्मा, खेमलता खरे, भुनेश्वरी कोर्राम, लीलाबाई निसाद, बिमला साहू, त्रिवेणी साहू उपस्थित रहे। न्यौता भोज में केला, अंगूर, लड्डू का वितरण के साथ-साथ चावल, दाल, आलू, मूंगा, पत्ता गोभी सब्जी का पूर्ण भोज किया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर बिहरीकला में भंडारा

अंबागढ़ चौकी (दावा)। विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिहरीकला में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 23 अप्रैल को युवा संगठन बजरंगदल ग्राम बिहरीकला के सौजन्य से हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। युवा संगठन बजरंगदल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से विगत 11 वर्षो से आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी 23 अप्रैल को कार्यक्रम की शुरुवात प्रातः 4 बजे हनुमान जी की पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा दोपहर 2 बजे विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शाम 6 बजे भंडारा एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा, तत्पश्चात जय गुरुदेव संकीर्तन मानस परिवार फिंगेश्वर (छुरा) गरियाबंद की प्रस्तुति के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

## प्रकृति साहू फैंसी ड्रेस में प्रथम



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जे.एल.एम. गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में रामायण के पात्र पर फैंसी ड्रेस एवं संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें केजी 2, कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों ने रामायण के विभिन्न पात्र की भूमिका का प्रदर्शन किया। कक्षा पहली के छात्रा प्रकृति साहू ने भगवान श्रीराम के आदर्शों एवं संवाद को बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रकृति के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संस्था के प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों, अभिभावकों ने बधाई दिए। सफल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर पुरुस्कृत किया गया। संस्था में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर शिक्षा दिया जाता है।

# पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने मांगा भाजपा के उम्मीदवार संतोष पाडेय के लिए समर्थन



खुज्जी (दावा)। ग्राम अर्जुनी में जनसभा को संबोधित करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा कि ये भूपेश बघेल जो यहां लोकसभा के कांग्रेस के उम्मीदवार है उसे छत्तीसगढ के जनता ने उसके भ्रष्टाचार व जनविरोधी कार्यों के कारण सत्ता से बाहर किया है लेकिन पुनः वापस किस मुह से वोट मांग रहा है। जो व्यक्ति अपने शासन में राजनादगांव जिले का उपेक्षा किया, विकास को रोक कर रखा, इस बार भी झूठ के सहारे फिर वोट मांग रहा है जो अपने पूर्व के घोषणा को पूर्ण नही कर सका अब 1 लाख देने की बात कर रहा है, भूपेश अपने सरकार रहते हुए 500 महिलाओं को दे न सके, 60 साल वालो को 1000, 75 साल वालो को 1500 दें न सके वो क्या 1 लाख देंगे। बेरोजगारी भत्ता के नाम पर भी युवाओं को ठगा है, एक ओर भाजपा की विष्णु देव सरकार ने मोदी जी के गारंटी को पूरा किया मात्र 100 दिन में 2 साल का बकाया बोनस, महतारी वंदन के तहत 1000 की दो किश्त, वही छत्तीसगढ़ के किसानों का धान का 917 रुपये प्रति कुंटल के दर से एकमुश्त भुगतान किया गया। भूपेश बघेल आपने तो प्रधानमंत्री आवास को रोक कर गरीब का दिल दुखाया है, वही भाजपा की सरकार बनते ही 18 लाख आवास की स्वीकृति प्रदान किया, जनता इस बार आपके बहकावे में नही आने वाला, जनता कोयला घोटाला, राशन घोटाला, भूमि घोटाला, रेत घोटाला अब तक नही भुला है, इस बार मोदी जी जीत का हैट्रिक होगा वही भूपेश बघेल का तीसरी बार हारने के हैट्रिक जनता लगाने वाली है। प्रिय मतदाता भाइयों आप से विनती है इस लोकसभा चुनाव में तीसरा नंबर का बटन दबा कर संतोष पांडेय को लोकसभा भेज कर मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने हेतु अपना कीमती वोट दे। उक्त सभा मे मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, धनराज ठाकुर, इंदुमती साहू, जागृति यदु, अंजू त्रिपाठी, सरिता ढीमर, विजय जैन, दिनेश साहू, दीलिप साहू, दुर्गेश सिन्हा, भैया लाल, किशोर यादव, मोहन साहू, राजा साहू, पूनम साहू, चुनेस्वर साहू, भुवन साहू व अर्जुनी सेक्टर में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की धर्मपत्नी व सुपुत्री एवं खैरागढ़ विधायक ने महिला कांग्रेस की बैठक ली, डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया



खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव को लेकर शहर के पिपरिया, दाऊचौरा वार्ड में आयोजित महिलाओं की बैठक में राजनादगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल व सुपुत्री स्मिता बघेल, खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा एवं पद्मादेवी ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के समर्थन में वोट देने की अपील कि और महिलाओं को कांग्रेस पार्टी के 5 न्याय सहित कांग्रेस पार्टी के विभिन्न जन हितैषी घोषणा की जानकारी देते हुए भूपेश बघेल को भारी मतों से विजयी बनाने के अपील की। उसके बाद शहर के जय स्तंभ चौक से गोल बाजार होते हुए इतवारी बाजार तक घर घर पहुंच कर कांग्रेस पार्टी के 5 न्याय को जन जन तक पहुंचाया। कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। इस अवसर पर आरती रिंकू महोबिया जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस, मीरा चोपड़ा, आरती यादव, नसीमा मेमन, विघा टांडीया, विप्लव साहू, मनरखन देवांगन, सूर्यकांत यादव हरजीत सिंह, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, रविन्द्र सिंह गुड्डा, नित्य शरण सिंह ओम साहू व बड़ी संख्या में कांग्रेजन उपस्थित रहे।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर धर्मनगरी में तीन दिवसीय आयोजन



हनुमान जन्मोत्सव पर्व की तैयारी में हनुमान भक्त जुटे

डोंगरगढ़ (दाबा)। माई की नगरी में श्री हनुमान भक्त युवा समिति के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय हनुमान जन्मोलाव पर्व की तैयारी को लेकर हनुमान भक्त सक्रिय हों गए है। इस हेतु शहर को भगवा तोरण, झंडे, महावीर मंदिर प्रांगण में स्वागत गेट लाइट से सजाया गया है।

### हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय रहेगा

आयोजन जिसमें 21 अप्रैल संध्या 4 बजे विशाल बाइक रैली 22 अप्रैल संध्या 05 बजे भव्य शोभायात्रा 23 अप्रैल दोपहर 12 बजे महाआरती मूछ वाले हनुमान जी महाराज महावीर मंदिर प्रांगण में आयोजित व रात्रि 7 बजे संगीतमय हनुमान चालीसा का आयोजन श्री हनुमान चौक में किया जाना तय किया गया है। समिति के हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष आयोजन का 11वां वर्ष है हनुमान जन्मोत्सव को नगर उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है जिसमें सर्व समाज, सर्व हिन्दू संगठन समस्त राजीनीति संगठनों व नगर की माताओं बहनों भाइयों से सहपरिवार उपस्थित होने की अपील की गई है।

कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील समिति के हनी गुप्ता ने कहां है कि, श्री हनुमान जन्मोत्सव नगर का उत्सव व नगर का आयोजन है। हम सब की यह जिम्मेदारी है कि तीन दिवसीय आयोजन के अवसर पर कोई भी व्यक्ति नशा, मंदिरा का सेवन न करे आयोजन में पारंपरिक वेशभूषा में पुरुष वर्ग व महिलाएं शामिल हो अस्त्र शस्त्र का उपयोग शोभायात्रा में न करें शोभायात्रा व रैली में सनातन संस्कृति व सभ्यता का परिचय अन्य जगहों और जाए। यह हम सब का प्रयास रहे 550 वर्षो के संघर्षो के बात राम लल्ला का राम मंदिर बना है पूरे भारत में राममय वातावरण बना है ऐसे समय में समस्त सनातन प्रेमियों को जाति धर्म का भेदभाव छोड़ संगठित होकर एक होकर यात्रा में शामिल होना चाहिए ताकि हमारे धर्मनगरी की ओर से एकता का संदेश जन्य शहर में जाये।

### शोभायात्रा रहेगी आकर्षण का केंद्र

भव्य शोभायात्रा में जय बजरंग अखाड़ा, हंसराज चुमाल धमतरी, राम दरबार व उत्तर प्रदेश की हनुमान लीला राम दरबार साथ ही आधा प्रदेश के हनुमान जी की झांकी संध्या 05 बजे महावीर मंदिर प्रांगण से नगर भ्रमण के लिये निकलेगी व नगरवासियों को देखने को मिलेगी।

### संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ 23 अप्रैल हनुमान

जन्मोत्सव के रात्रि 7 बजे श्री हनुमान चौक में संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया है। इस पाठ में शामिल होने वाले भक्त अपना रजिस्ट्रेशन बबली नामदेव सम्पर्क सूत्र 9826176878 करा सकते है जिसमें संकल्प देकर पाठ कराया जाएगा। इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन में श्री हनुमान भक्त भंडारा समिति व शक्ति वाहिनी समिति आप सभी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील करती है।

# रायपुर स्टील के द्वारा मनमानी करते हुए रोड़ को कर रहे खराब



टेड़ेसरा (दावा)। क्षेत्र के रायपुर स्टील के द्वारा जोरातराई से कोपेडीह को खराब किया जा रहा है। रायपुर स्टील निकलने वाली मटेरियल को जोरातराई के पास डंप किया गया है। जिसे रायपुर स्टील कंपनी प्रबंधन के द्वारा घर मनमानी करते हुए। जोरातराई से कोपेडीह मार्ग को खराब किया जा रहा है। जबकि इस बात को लेकर कई बार अवगत कराया गया है। उसके बावजूद भी अपनी मनमानी किया जा रहा है। रोड में डस्टर जमा हो जा रहा है। जिसके कारण आने जाने वाले को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। जैसी बारिश होता है रोड कीचड़ में तब्दील हो जाता है। जिससे लोगों को दो पहिया वाहन चलाना मुश्किल हो जा रहा है। इसी रोड पर ट्रैकों की लंबी कतारे भी लगी रहती है जिसके कारण भी लोगों का चलन दुभर हो चुका है। इस तरफ जिला मुख्यालय से लास्ट बॉर्डर होने के स्थानीय जिला प्रशासन के द्वारा भी किसी भी प्रकार की ध्यान नहीं दिया जा रहा। इस तरफ स्थानीय अधिकारियों को ध्यान दिया जाये। जिससे रोड की ठीक-ठाक बनी रहे। इस और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे बैठे हुए हैं। जिसके चलते कंपनी प्रबंधन के हौसले बलंद है।

> डस्टर के कारण रोड़ खराब हो रहा है या अवैध तरीका से रखा होगा तो संज्ञान में लिया जाएगा।
> **- अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव**

# अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी



डोंगरगढ़ (दावा)। अवैध रूप से शराब परिवहन करते हुए पुलिस ने एक तस्कर को होण्डा एक्टिवा स्कुटी वाहन में 50 पौवा देशी प्लेन शराब के साथ पकड़ा। परिवहन करते पकड़ा गया आरोपी की होण्डा एक्टिवा क्रमांक सीजी-08 एनबी 6424 कीमती 15000 रू. को भी पुलिस द्वारा जप्त किया गया।

आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 को थाना क्षेत्र में शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में दिनांक 19 अप्रैल को रात्रि में एक व्यक्ति एक काले रंग का होण्डा एक्टिवा स्कुटी क्रमांक सीजी 08 एनबी 6424 में शराब रखकर बिक्री हेतु कल्याणपुर की ओर ले जा रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम कल्याणपुर पुल के पास नाकाबंदी एवं घेराबंदी कर आरोपी शैलेष घोष पिता स्व0 रामचन्द्र घोष उम्र 48 साल साकिन कल्याणपुर थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 को काले रंग का होण्डा एक्टिवा स्कुटी क्रमांक सीजी 08 एनबी 6424 में अवैध रूप से शराब परिवहन करते हुये पकड़कर आरोपी से एक बैग में रखे 50 पौवा शोले देशी प्लेन कुल मात्रा- 9.000 बल्क लीटर किमती 4500 रू0 एवं होण्डा एक्टिवा स्कुटी क्रमांक- सीजी 08 एनबी 6424 किमती- 15000 रू0 जुमला किमती- 19500 रू. को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा-34(2) आबकारी एक्ट का कार्यवाही किया गया है।

# स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत बाइक रैली



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिल्हाटी कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार स्वीप अन्तर्गत मतदाता जागरूकता का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने नव मतदाताओं को श्रीफल और गुलदस्ते से सम्मानित किया। वहीं सभी नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। उसके पश्चात कलेक्टर बाइक रैली में सम्मिलित हुए। बाइक रैली चिल्हाटी से होते हुए पेंदलकूही, ओटेबांधा से गुजरते हुए वापस चिल्हाटी के मुख्य चौक पर समाप्त हुई, वहां हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। साथ ही महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा रंगोली बनाकर मतदान के लिए संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्वीप नोडल हेमंत ठाकुर, एसडीओपी अर्जुन कुर्रे, सीईओ जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके, तहसीलदार अरुणिमा टोप्पो समेत विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, नागरिक उपस्थित थे।

# महतारी वंदन सम्मान समारोह में किया गया महिलाओं का सम्मान

## बैठक में उपस्थितजनों को पुनः मोदी सरकार बनाने हेतु मदद का निवेदन

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश भाजपा के आवाहन एवं जिला भाजपा के अध्यक्ष रमेश पटेल के मार्गदर्शन में डोंगरगढ़ शहर मंडल के द्वारा शनिवार को वार्ड क्रमांक 11 बूथ क्रमांक 145 में महतारी वंदन के लाभार्थियों से सीधा संपर्क करते हुए बैठक आहूत की गई थी।



उक्त बैठक में 2014 से लेकर लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा महिलाओं के लिए किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए बूथ प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर ने महिलाओं को संबोधित किया मंडल अध्यक्ष अमित जैन ने महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं से आग्रह किया केंद्र में पुनः भाजपा के सरकार बनाने में आप सबका आशीर्वाद एवं सहयोग की अपेक्षा के साथ आपके साथ चर्चा में बैठे हैं आप सबको भी भाजपा के साथ कंधे से धंधा मिलकर चलते हुए पुनः मोदी की सरकार बनाने में अधिक से अधिक लोगों को अपने आसपास पड़ोस के लोगों को जोड़ते हुए कार्य करने का आग्रह किया। वही मंडल उपाध्यक्ष श्रीमति अचला ठाकुर ने सभी महिलाओं का सम्मान किया। वार्ड के पार्षद उमा महेश वर्मा एवं पूर्व पार्षद कमलेश काले ने कहा हमेशा इसी प्रकार से बूथ में बैठक लगातार होते रहना चाहिए इस मौके पर किसान मोर्चा के महामंत्री विनय बंसल बूथ अध्यक्ष सुरेश शर्मा, बूथ सचिव विमल ठाकुर, पूनम सिंह ठाकुर, श्रीमती इंदु यादव, संतोषी यादव, दुर्गा सिंह, तरुण सिंह, के साथ-साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं लाभार्थियों भी उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## रांची पहुंचे सचिन तेंदुलकर



रांची। भारत में आईपीएल 2024 की धूम मची हुई है। इस बीच क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर शनिवार सुबह रांची पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची पर मौजूद फैंस क्रिकेट के भगवान की एक झलक पाने को बेताब दिखे। सचिन यहां ओरमांझी में युवा फाउंडेशन की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम के लिए आए हैं। सचिन ने कहा, मैं यहां अपने फाउंडेशन के लिए आया हूं। सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन यहां के यूथ फाउंडेशन के साथ मिलकर काम करता है। खासकर मैं यहां की महिला खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने आया हूं। इसलिए मैं युवा लड़कियों को देखने आया हूं जो फुटबॉल खेलती हैं और उन्हें प्रोत्साहित करूंगा। इस समय इसके अलावा यहां आने की कोई और वजह नहीं है। बता दें कि सचिन तेंदुलकर के रांची पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में फैंस का उनके प्रति उत्साह साफ नजर आ रहा है। वहीं एयरपोर्ट पर रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा उनके स्वागत के लिए पहुंचे और कड़ी सुरक्षा के साथ सचिन को उनके होटल ले जाया गया।

## एयर इंडिया ने 30 तक तेल अवीव के लिए फ्लाइट्स पर लगाया बैन

नई दिल्ली । इजरायल और ईरान के बीच मौजूदा संघर्ष और तनाव के मद्देनजर एयर इंडिया ने इजरायल की राजधानी तेल अवीव के लिए अपनी उड़ान सेवाओं का निलंबन 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, मध्य पूर्व में उभरती स्थिति को देखते हुए तेल अवीव से हमारी उड़ानें 30 अप्रैल 2024 तक निलंबित रहेंगी। टाटा द्वारा संचालित एयरलाइन ने अपनी उड़ानों को पुनर्निर्धारित करने वाले यात्रियों के लिए एकमुश्त छूट की भी पेशकश की है। एयरलाइन ने कहा, हम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और अपने उन यात्रियों को समर्थन दे रहे हैं, जिन्होंने इस अवधि के दौरान तेल अवीव से यात्रा के लिए बुकिंग की है, साथ ही पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क पर एक बार की छूट भी दी है। वर्तमान में एयर इंडिया दिल्ली और तेल अवीव के बीच चार साप्ताहिक उड़ानें चलाती है। कहा जा रहा है कि एयर इंडिया के अलावा कई अन्य एयरलाइन कंपनियां मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के खतरे को देखते हुए इस तरह के कदम पर विचार कर रही हैं।

## एलन मस्क का भारत दौरा स्थगित



नई दिल्ली । एलन मस्क ने शनिवार को पुष्टि की कि टेस्ला के महत्वपूर्ण तिमाही नतीजों के बीच वह इस महीने भारत का दौरा नहीं कर पाएंगे। हो सकता है इस साल के अंत में वो भारत आएं। एक्स पर एक पोस्ट में, अरबपति ने कहा, टेस्ला को लेकर कई दायित्वों के कारण भारत की यात्रा में देरी होगी। मस्क ने कहा, लेकिन मैं इस साल के अंत में आने के लिए बहुत उत्सुक हूं। पिछले हफ्ते, अरबपति ने ट्वीट किया था कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना चाहते हैं। स्पेसएक्स के सीईओ अपनी भारत यात्रा के दौरान भारतीय अंतरिक्ष कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी मिलने वाले थे। मस्क ने हाल ही में टेस्ला की तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों के साथ एक महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस कॉल की थी, जिसके बाद कंपनी ने वैश्विक स्तर पर अपने कार्यबल में 10 प्रतिशत या लगभग 14,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। टेस्ला में छंटनी से कुछ विभागों के 20 प्रतिशत तक कर्मचारी बर्खास्त कर दिए गए। यह निर्णय मुख्य रूप से खराब वित्तीय प्रदर्शन के कारण था।

## विदेशी मुद्रा भंडार में 5.4 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट

मुंबई। विदेशी मुद्रा एसेट्स में भारी गिरावट के कारण देश के विदेशी मुद्रा भंडार में तीन महीने से ज्यादा की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.401 अरब डॉलर घटकर 643.162 अरब डॉलर रह गया। यह इस साल 5 जनवरी के बाद यानी 14 सप्ताह की सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ विदेशी मुद्रा भंडार 648.562 अरब डॉलर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। सात सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 32.465 अरब डॉलर बढ़ा था। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बढ़ते भू-राजनैतिक संघर्ष और तनावों के बीच दूसरे केंद्रीय बैंकों की तरह आरबीआई भी अपना स्वर्ण भंडार बढ़ा रहा है। आंकड़ों के अनुसार, 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का सोने का भंडार 1.241 अरब डॉलर बढ़कर 55.798 अरब डॉलर हो गया जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है।

# मैकगर्क की तूफानी पारी गई बेकार, दिल्ली को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंची हैदराबाद

नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद ने सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की आतिशी पारी के बाद शाहबाज अहमद के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 266 रन बनाए। जवाब में दिल्ली जैक फ्रेजर मैकगर्क की तूफानी पारी के बावजूद 19.1 ओवर में 199 रनों पर सिमट गई और उसे 67 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

हैदराबाद के लिए ट्रेविस हेड ने 32 गेंदों पर 11 चौके और छह छक्कों की मदद से 89 रन बनाए, जबकि शाहबाज 29 गेंदों पर दो चौके और पांच छक्कों के सहारे 59 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए मैकगर्क ने 18 गेंदों पर पांच चौकों और सात छक्कों की मदद से 65 रनों की पारी खेली। हैदराबाद के लिए टी. नटराजन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 19 रन देकर चार विकेट लिए।

### तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंची हैदराबाद

इस जीत के साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम अंक तालिका में केकेआर को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि दिल्ली की टीम एक स्थान खिसकर सातवें स्थान पर पहुंच गई है। हैदराबाद के सात मैचों में पांच जीत और दो हार के साथ 10 अंक हो गए हैं। हैदराबाद से आगे फिलहाल राजस्थान रॉयल्स है जिसके सात मैचों के बाद 12 अंक है।



### मैकगर्क ने लगाया आईपीएल 2024 का सबसे तेज अर्धशतक

लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने 25 रन के स्कोर पर पृथ्वी शॉ और डेविड वॉर्नर के विकेट गंवा दिए थे। इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे पृथ्वी शॉ ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की कोशिश और चार चौके भी लगाए, लेकिन वॉशिंगटन सुंदर ने उन्हें पवेलियन भेजने में ज्यादा देर नहीं लगाई।

पृथ्वी पांच गेंदों पर 16 रन बनाकर आउट हुए। फिर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने डेविड वॉर्नर (1) को सस्ते में आउट कर दिल्ली को दोहरा झटका दिया। चोट के कारण बाहर चल रहे वॉर्नर ने इस मैच से वापसी की, लेकिन वह अपना प्रभाव नहीं छोड़ सके। इसके बाद मैकगर्क ने तूफानी पारी खेल दिल्ली को संभाला और शानदार बल्लेबाजी करते हुए 15 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। मैकगर्क ने इसी के साथ आईपीएल 2024 का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा और ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा को पीछे छोड़ा जिन्होंने इस सीजन 16 गेंदों पर पचासा पूरा किया था।

### नटराजन ने एक ओवर में झटके तीन विकेट

टी. नटराजन ने इस मैच में शानदार गेंदबाजी की। पैट कमिंस ने 19वां ओवर कराने के लिए नटराजन को भेजा और उन्होंने पहली ही गेंद पर अक्षर पटेल को पवेलियन भेजा। अक्षर आठ गेंदों पर छह रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद तीसरी गेंद पर नटराजन ने एनरिच नॉर्त्जे को बोल्ड किया जो खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। इसकी अगली ही गेंद पर नए बल्लेबाज के तौर पर उतरे कुलदीप यादव को नटराजन ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। नटराजन का इस मैच का यह चौथा विकेट था। नटराजन के पास आईपीएल के मौजूदा सीजन की पहली हैट्रिक लेने का अवसर था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके।

### पंत की जूझारू पारी

मैकगर्क के आउट होने के बाद पंत ने दिल्ली की पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन लक्ष्य इतना बड़ा था और टीम लगातार विकेट गंवा रही थी जिससे पंत पूरी तरह अपने हाथ नहीं खोल पा रहे थे। पंत ने 35 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 44 रनों की जूझारू पारी खेली और वह आखिरी ओवर की पहली गेंद पर आखिरी बल्लेबाज के तौर पर आउट हुए।

## उत्तर कोरिया ने किया खतरनाक सुपर लार्ज वारहेड क्रूज और विमानरोधी मिसाइल का परीक्षण



सियोल। उत्तर कोरिया ने सुपर लॉर्ज वारहेड क्रूज मिसाइल और विमानरोधी मिसाइल का परीक्षण करके एक बार फिर दुनिया को चौंका दिया है। दुनिया पर मंडराते लगातार तीसरे विश्वयुद्ध के खतरे और रूस-यूक्रेन युद्ध व इजरायल-हमास और इजरायल-ईरान युद्ध के बीच उत्तर कोरिया का यह परीक्षण पूरी दुनिया को बड़ा संदेश देने वाला है। उत्तर कोरिया ने शनिवार को कहा कि उसने पश्चिमी तटीय क्षेत्र में एक च्अत्यधिक बड़ेज् क्रूज मिसाइल मुखास्त्र और एक विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया है।

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन लगातार अपनी सैन्य और युद्धक क्षमताओं को बढ़ाते जा रहे हैं। खासकर अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया तेजी से अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ा रहा है और हाल में उसने कई मिसाइल परीक्षण किए हैं। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने अपनी एक खबर में कहा कि शुक्रवार को च्ह्वासल-1 रा-3ज् रणनीतिक क्रूज मिसाइल के लिए तैयार किए गए मुखास्त्र का च्शक्ति परीक्षणज् किया गया साथ ही च्प्योलजी-1-2ज् विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया गया। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार समिति च्कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसीज् द्वारा जारी की गई तस्वीरों में लॉन्चर ट्रक से कम से कम दो मिसाइलें दागी जाती दिखाई दे रही हैं।

खबर में कहा गया कि शुक्रवार को किया परीक्षण देश की सैन्य विकास गतिविधियों का हिस्सा थे और इसका च्आसपास के हालातज्ज् से कोई लेना देना नहीं है। कोरियाई प्रायद्वीप पर कुछ वर्षों में काफी तनाव है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन देश के हथियारों के जखीरे को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयार कर रहे हैं और उनका कहना है कि इस जखीरे में कुछ ऐसी मिसाइलें भी हैं जो अमेरिकी मुख्य भूमि और प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम हैं।

## धोनी को बैटिंग ऑर्डर में ऊपर क्यों नहीं भेज रही सीएसके की टीम?



कोच फ्लेमिंग का बड़ा खुलासा

नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स के च्दिल की धड़कनज् बताते हुए कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि घुटने की चोट से उबरने के बाद वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते लिहाजा शानदार फॉर्म के बावजूद उन्हें बैटिंग ऑर्डर में ऊपर नहीं भेजा जा सकता. 42 वर्ष के धोनी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शुक्रवार को 9 गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम आठ विकेट से हार गई.

महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स के दिल की धड़कन बताते हुए कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि घुटने की चोट से उबरने के बाद वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते लिहाजा शानदार फॉर्म के बावजूद उन्हें बैटिंग ऑर्डर में ऊपर नहीं भेजा जा सकता. 42 वर्ष के धोनी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शुक्रवार को 9 गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम आठ विकेट से हार गई.

महेंद्र सिंह धोनी के फॉर्म के बारे में स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा ,च्यह प्रेरणास्पद है ना. अभ्यास के दौरान भी वह बहुत उम्दा बल्लेबाजी कर रहे हैं. टीम इससे हैरान नहीं है, क्योंकि सीजन से पहले तैयारी में भी वह शानदार खेल रहे थे. उनके घुटने में दर्द है और वह इससे उबरने की प्रक्रिया में कुछ ही गेंद खेल सकते हैं.

स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा, हर कोई उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करते देखना चाहता है, लेकिन हम उन्हें पूरे टूर्नामेंट में खेलते देखना चाहते हैं. इसलिए दो तीन ओवर खेलना ही ठीक है. वह हर समय अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं और उसे देखने में मजा आ रहा है. लंबे समय से चेन्नई के कोच रहे फ्लेमिंग ने कहा कि पांच बार टीम को खिताब दिलाने वाले धोनी टीम के दिल की धड़कन हैं और हर स्टेडियम पर दर्शकों से उन्हें मिल रहे अपार प्रेम के बीच उनकी मौजूदगी के हर पल का टीम लुत्फ उठा रही है.

## अमेरिका में हो रही है भारतीय छात्रों की मौत, सामने आई सनसनीखेज रिपोर्ट

वाशिंगटनः अमेरिका में भारतीय छात्रों की लगातार हो रही मौतों ने अभिभावकों के दिल में भारी दहशत पैदा कर दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय भी किसी न किसी बहाने भारतीय छात्रों की मौत के मामले लगातार सामने आने से हैरान है। भारत अमेरिका के सामने इस मुद्दे पर अपनी चिंता भी जाहिर कर चुका है। मगर भारतीय छात्रों की एक के बाद एक की मौत होने का सिलसिला नहीं थम रहा। अब इस पूरे मामले पर एक बड़ा खुलासा हुआ है। छात्रों की मौत की वजह बताने वाली जो रिपोर्ट सामने आई है, वह आपको भी हैरान कर देगी।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका में भारतीय छात्रों की मौत ब्लू व्हेल चैलेंज से जुड़ी हो सकती है। अब आप सोच रहे होंगे कि कोई समुद्री ब्लू व्हेल इन भारतीय छात्रों को अपना निवाला बना रही होगी, मगर सवाल ये भी होगा कि आखिर सारे छात्र ब्लू व्हेल के ही शिकार कैसे हो सकते हैं?...तो आपको बता दें कि यह ब्लू व्हेल कोई समुद्री मछली नहीं है, जिसके बारे में आप सोच रहे हैं, बल्कि यह ब्लू व्हेल चैलेंज एक ऑनलाइन गेम है, जिसमें जिंदगी चुनौती बन जाती है और मौत उसका मुकाम।

ब्लू व्हेल चैलेंज एक ऑनलाइन गेम है, जिसमें प्रतिभागियों को प्रदर्शन करने का साहस दिया जाता है, जो 50 स्तरों पर और अधिक कठिन हो जाता है। अमेरिकी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले भारतीयों के लिए उनकी मौत अब तक पहेली बनी हुई है। मगर ब्लू व्हेल चैलेंज का दावा अगर सच है तो यह काफी गंभीर घटना है।

## बैटिंग कोच कीरोन पोलार्ड पर बीसीसीआई ने ठोका भारी जुर्माना



नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के बैटिंग कोच कीरोन पोलार्ड पर बीसीसीआई ने भारी जुर्माना ठोका है। पोलार्ड के साथ-साथ टिम डेविड भी लपेटे में आए हैं और उनको भी बीसीसीआई ने सजा सुनाई है। पंजाब किंग्स के खिलाफ रोमांच मैच में मुंबई ने 9 रन से बाजी मारी थी। इस मुकाबले में अंपायर के एक फैसले को लेकर जमकर विवाद भी हुआ था।

दरअसल, कीरोन पोलार्ड और टिम डेविड पर बीसीसीआई ने मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। पोलार्ड और डेविड को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। बोर्ड के अनुसार, मुंबई के बैटिंग कोच और टिम डेविड ने आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.20 के लेवल एक का उल्लंघन किया है, जिसके चलते उन दोनों को यह सजा सुनाई गई है।पोलार्ड और डेविड ने अपनी गलती मानते हुए इस सजा को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, पोलार्ड-डेविड को किस गलती की वजह से यह जुर्माना लगाया गया है, इसका जिक्र नहीं किया गया है। पंजाब किंग्स और मुंबई के बीच खेले गए मुकाबले में वाइड के फैसले को लेकर जमकर विवाद हुआ था।

## इराक पर मिसाइल अटैक, दो सैन्य अड्डे तबाह

बगदाद। इराक के सैन्य अड्डों पर आज जबरदस्त हवाई हमले हुए हैं। ये हमले बगदाद के दक्षिण में बाबिल प्रांत में आधी रात को एक अज्ञात विमान द्वारा किए गए, जिसमें दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी की गई। हवाई हमले ड्रोन के जरिए किए गए और दो ठिकानों को निशाना बनाया गया। जानकारी के अनुसार, ये हमले इराक के पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज की ओर से इस्तेमाल किए गए सैन्य अड्डे पर हुए। इन हमलों में तीन लोग घायल भी हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार, इराकी अर्धसैनिक हश्द शाबी बल बाबिल प्रांत के उत्तरी भाग में ये हमला हुआ। हमले में दों सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें में एक हश्द शाबी बलों का गोला-बारूद का गोदाम तबाह हो गया और दूसरा हमला टैंक मुख्यालय पर हुआ।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के हवाले से सूत्र ने कहा कि बगदाद से लगभग 30 किमी दक्षिण-पूर्व में मडेन इलाके में विस्फोटों की आवाज सुनी गई, लेकिन विस्फोटों के बारे में पुख्ता जानकारी अभी नहीं है।

इराक पर हमले को लेकर अमेरिका और इजरायल दोनों ने इनकार किया है। दोनों देशों ने कहा कि इसमें उनका कोई हाथ नहीं है। इससे पहले अमेरिका ने ही ऐन-अल-असद हवाई अड्डे पर एक हमले को नाकाम किया था। यहां अमेरिका और अन्य देशों के सैन्य बल मौजूद हैं।

बता दें कि पीएमएफ एक ईरान समर्थित संगठन है, जिसमें एक लाख से ज्यादा लड़ाके हैं।

## क्षत्रियों की स्वाभिमान की लड़ाई, भाजपा की प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिन्ह

**रूपाला विवाद से भाजपा का टार्गेट टुटेगा**

अमदाबाद। लोकसभा के चुनाव प्रचार की दुंदुभी बज चुकी है। तभी रूपाला की टिप्पणी ने भाजपा को पशोपेश में डाल दिया है। वर्तमान में गुजरात में क्षत्रियों का विभिन्न स्थानों में भाजपा विरोधी अभियान चल ही रहा है। इसके अलावा, राजकोट सम्मेलन में क्षत्रियों ने अल्टीमेटम दिया है, इसके बावजुद भाजपा हाई कमान झुकने को तैयार नहीं है। इसी विरोध के बीच पुरूषोत्तम रूपाला ने शक्ति प्रदर्शन कर फार्म भरा है। अब स्थिति ऐसी निर्मित हुई है, अगर, रूपाला को बदला नहीं गया तो लोकसभा के चुनाव में भाजपा की प्रतिष्ठा तो बनी रहेगी। किन्तु, वोटों में कमी आना तय है। इतना ही नहीं, पांच लाख के मार्जिन से गुजरात में 26 सीटें जीतने का लक्ष्य पूरा होगा, इसमें संशय है। गुजरात में क्षत्रिय मतदाताओं का आठ संसदीय क्षेत्रों में 6 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक जनसंख्या है।

## राजकोट से रूपाला की उम्मीदवारी: क्षत्रिय समाज आंदोलित

**क्षत्रिय समाज लोकसभा की तमाम सीटों पर भाजपा का विरोध करेगा**

राजकोट। राजकोट सीट पर पुरूषोत्तम रूपाला की उम्मीदवारी यथावत रहने से गुजरात का क्षत्रिय राजपूत समाज ने लोकसभा की तमाम 26 बैठकों में भाजपा विरोधी आंदोलन और अधिक तेज करने की घोषणा की है। आम सभाओं में विरोध प्रदर्शन, महिलाओं का प्रतिकात्मक उपवास और देहातों में विरोध करने का निर्णय किया है। नामांकन पत्र भरने के अंतिम दिन क्षत्रिय समाज की संकलन समिति की बैठक में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिसमें आंदोलन को गुजरात तक ही सीमित न रख अन्य राज्यों में भी ले जाने की अपील की गई है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐसा न करने की अपील की थी, इसके बावजुद क्षत्रिय समाज आंदोलनरत है। इस आंदोलन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और आगे भी रहेगी।

## भारतीय रेलवेः यात्रियों की जेबों का वजन कम कर रेलवे मालामाल, केवल टिकटें रद्द कर कमा लिए 2100 करोड़

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने अपने यात्रियों के पास से वसूली करने का एक नया कीमियां ढूंढ निकाला है। भारतीय रेलवे ने वर्ष 2022-23 में केवल यात्रियों के द्वारा टिकटें रद्द करने के कारणों से अपनी आय से 2109 करोड़ रूपए की आय में वृद्धि की थी। रेलवे के एक पूर्व अधिकारी विमल कुमार ने बताया कि एक समय टिकट रद्द करने का चार्ज बहुत कम था। अब यह चार्ज बहुत बढ़ गया है। भारतीय रेलवे के पास पहले के मुकाबले अधिक यात्रीगण टिकट आरक्षण करते हैं। लोगों को वेटिंग लिस्ट में भी उम्मीद रहती है कि समय पर उनकी टिकट कन्फर्म हो जाएगी। परन्तु, टिकट कन्फर्म न होने पर टिकट कन्फर्म न होने पर टिकट रद्द करने की उनकी मजबूरी रहती है। रेलवे उस मजबूरी का फायदा उठा रही है। यात्रियों का कहना है कि टिकट तो एक माह पहले ली थी। एक माह तक पैसा रेलवे के पास ही था। टिकट कन्फर्म न हो तो उनका क्या दोष है? वेटिंग लिस्ट में रही टिकट रद्द करते समय इतने ऊंचे दर पर चार्ज की वसूली क्यों की जाती है?

## भारतीय निशानेबाजों की नजर पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने पर, रविवार से शुरु होगा ट्रायल

नई दिल्ली। निशानेबाजी में रिकॉर्ड 20 ओलंपिक कोटा स्थान पहले ही हासिल कर चुका भारत रविवार से दोहा में आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैम्पियनशिप (शॉटगन) शुरू होने पर 2024 पेरिस स्थानों के लिए अपने अभियान की शुरआत करेगा। पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर संधू और विवान कपूर पुरुषों के ट्रैप में शेष उपलब्ध कोटा स्थान जीतने की कोशिश करेंगे, जबकि श्रेयसी सिंह, मनीषा कीर और नीरू महिलाओं की संबंधित स्पर्धा में भारत के पेरिस स्थानों को अधिकतम करने की कोशिश करेंगी।

भवनीश मेंदीरत्ता और राजेश्वरी कुमारी ने पिछली प्रतियोगिताओं में भारत के लिए पुरुष और महिला ट्रैप में एक-एक कोटा स्थान हासिल किया था। क्वालीफिकेशन तीन दिनों तक चलेगा और 23 अप्रैल को दोनों स्पर्धाओं के फाइनल के साथ समाप्त होगा। ट्रैप प्रतियोगिता के बाद पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए स्कीट स्पर्धा होगी, जहां भारत दो और कोटा स्थान जीत सकता है।

भारत ने अब तक निशानेबाजी में 20 पेरिस कोटा स्थान जीते हैं, जिनमें राइफल और पिस्टल विषयों में अधिकतम आठ-आठ और शॉटगन में चार स्थान शामिल हैं। दोहा प्रतियोगिता के बाद, निशानेबाजों के पास उपलब्ध विश्व रैंकिंग स्थानों के माध्यम से पेरिस के लिए अर्हता प्राप्त करने का एक अंतिम मौका होगा।

## भारतीय महिला पहलवानों को मिली बड़ी कामयाबी, अंशु मलिक और विनेश फोगाट ने हासिल किया कोटा



नई दिल्ली। भारत के स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट और अंशु मलिक ने बिश्केक में जारी एशियन ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया है।

### विनेश की जीत

विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में महिलाओं के 50 किग्रा सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की लौरा गैनिक्जी को 10-0 से हराकर महिला 50 किग्रा वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल किया। उन्होंने 4¬18 मिनट में लड़ाई जीत ली। अब उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान की अक्तेंगे क्यूनिमजेवा से होगा, जिन्होंने चीनी ताइपे की मेंग ह्सुआन हसी को 4-2 से हराया है।

### तकनीकी श्रेष्ठता के दम पर जीतीं अंशु मलिक

वहीं, अंशु मलिक ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। उन्होंने उज्बेकिस्तान की लैलोखोन सोबिरोवा को 11-0 से तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। पूर्व में अंशु ने बिश्केक में अपने दोनों मुकाबले तकनीकी श्रेष्ठता के दम पर जीते थे।

### विनेश की दमदार शुरुआत

विनेश ने महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में कोरिया की प्रतिद्वंद्वी मिरान चियोन को एक मिनट 39 सेकेंड तक चले मुकाबले में हराया। उनकी मजबूत पकड़ का विरोधी खिलाड़ी के पास कोई जवाब नहीं था। अगले मुकाबले में विनेश ने कंबोडिया की एसमानांग डिट को महज 67 सेकेंड में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। फाइनल में पहुंचने वाले दो पहलवानों को ओलंपिक कोटा मिलेगा। विनेश चयन ट्रायल में जीतने के बाद 50 किग्रा वर्ग में खेल रही हैं। अगर वह चूक भी जाती हैं तो 53 किग्रा वर्ग में दावेदार होंगी जिसमें अंतिम पंघाल ने कोटा हासिल किया है। अंतिम को एक और ट्रायल में उतरने के लिए कहा जा सकता है।

अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। भारतीय कुश्ती जगत को अमन से काफी उम्मीदें थी क्योंकि उन्होंने अपने आयु वर्ग में मजबूत माने जाने वाले रवि दाहिया को शिकस्त देकर देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया था।

# भूपेश बघेल को राजनांदगाँव क्षेत्र में वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं-संतोष पांडे


क्षेत्र की घोर उपेक्षा करने वाले भूपेश बघेल को सबक सिखाने का समय आ गया

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संतोष पांडे ने आज राजनांदगाँव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का दौरा करते हुए कहा की कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को क्षेत्र में वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं हैं। वे पाँच वर्षों तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहें, इस दौरान वे राजनांदगाँव क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार करते रहें। डा. रमन सिंह सरकार के दौरान विकास कार्यों के लिए भेजी गई धन राशि को उन्होंने वापस बुला लिया था और उसके बाद विकास कार्यों के लिए फूटी कौड़ी नहीं दी, विकास कार्य करना तो दूर रहा उल्टे क्षेत्र के अनेक सरकारी विभागों को दुर्ग लेकर चले गए। विकास के नाम पर पूरा क्षेत्र पाँच वर्षों तक उपेक्षित रहा। विकास के लिए तरसता व तड़पता रहा पर भूपेश बघेल के कान में जूँ नहीं रेंगी। जितना हो सकता था यहाँ के नागरिकों द्वारा डा. रमन सिंह को विधायक चुने जाने के कारण उनसे बदला लिया। अब वे किस मुंह से वोट मांग रहें हैं, ये समझ से परे हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अपने आरोपों को स्पष्ट करते हुए श्री पांडे ने आगे कहा की सेतु विकास निगम का कार्यालय यहाँ से षड्यन्त्र पूर्वक दुर्ग स्थानांतरित कर दिया गया। इसी तरह छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के कार्यालय को भी अपने गृह जिले दुर्ग ले गया तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) को स्थानांतरित किया गया इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यालय को भी अपने पसंदीदा क्षेत्र में ले गए और तो और महुआ का प्रसंस्करण केंद्र को भी अपने निर्वाचन क्षेत्र पाटन ले जाने का असफल प्रयास किया।

श्री पांडे ने अपने आरोपों की झड़ी में आगे कहा कि मध्यप्रदेश के जमाने से प्रदेश का इकलौता सरकारी मुद्रणालय राजनांदगाँव में स्थित हैं, यह यहाँ की सबसे पुरानी सरकारी संस्था थी जो पूरे प्रदेश में राजनांदगाँव की पहचान हैं इसे भी यहाँ से अन्यत्र स्थानांतरित करने का षड्यन्त्र रचा गया था किन्तु भारी विरोध के चलते यह संभव नहीं हो पाया। इसी तरह छत्तीसगढ़ क्षेत्र का गौरव खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्व विधायले जो संगीत के क्षेत्र में भारत का पहला व एशिया का दूसरा विश्व विध्यालय हैं, उसे भी यहाँ से ले जाने का कुचक्र रचा गया जो खैरागढ़ के जागरूक नागरिकों के भारी विरोध, आंदोलन व बंद के करण रुक पाया। श्री पांडे ने प्रति प्रश्न करते हुए कहा की जब श्री बघेल को इस क्षेत्र से इतनी नफरत हैं, वे यहा के विकास को लेकर घोर विरोधी रहें हैं, अपने शासनकाल में लगातार सौतेला व्यवहार करते रहें हैं, इस क्षेत्र की विकास के लिए कोई फंड उपलब्ध नहीं कराया उल्टे यहाँ विकास कार्यों के लिए आये फंड को वापस बुला लिया फिर वे किस मुंह से इस क्षेत्र की जनता से वोट मांगने आये हैं?

श्री पांडे ने राजनांदगाँव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण मण्डल के ग्राम डिलापहरी, पर्रीकला, सोमनी, इंदावानी, कोपेडीह, बिरेझर पहुचे, अनेक ग्रामों में श्री पांडे का भावभीना स्वागत किया गया, उन्हे फूल मालाये पहनाई गई, माताओं ने मंगल तिलक लगाया और विजय का आशीर्वाद दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से नीलू शर्मा, लीलाधर साहू, विवेक साहू, रोहित चंद्राकर, अशोक देवांगन, कृष्णा तिवारी, खिलेश्वर साहू, हेमलता तिवारी, पप्पू चंद्राकर, रामबिलास साहू, हरिशंकर देशमुख सहित ग्रामीण मण्डल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पं. शिवकुमार शास्त्री सच्चे राष्ट्रचिंतक और सिद्धांतवादी व्यक्ति - रामदत्त चक्रधर


पं. शिवकुमार शास्त्री जी की 105वीं जयंती पर परिसंवाद का ऑनलाईन आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। कान्यकुब्ज सभा एवं नांदगांव साहित्य परिषद के संयुक्त आयोजन में देश विदेश से जुड़े लोग पं. शिवकुमार शास्त्री जैसे व्यक्ति विरले ही जन्म लेते हैं। राष्ट्रचिंतन की अबाध धारा से संबद्ध किंतु पदलिप्सा से समूची जीवनधारा में निर्लिप्त रहने वाले पं.शास्त्री सच्चे राष्ट्रचिंतक और सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। उपरोक्त उद्गार रामदत्त चक्रधर, सह सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्मृतिशेष पं. शिवकुमार शास्त्री जी की 105 वीं जयंती पर आयोजित परिसंवाद में व्यक्त किये। परिसंवाद का आयोजन कान्यकुब्ज सभा एवं नांदगांव साहित्य परिषद के सहयोग से किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक वीरेन्द्र पाण्डे जी ने शास्त्री जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि शास्त्री जी ने व्यक्तिगत संबंधों को राजनैतिक एवम वैचारिक मतभेद से हमेशा अलग रखा था, उनकी सरलता, सादगी और विनम्रता सदैव पूज्य रहेगी। अन्य वक्ताओं में श्रीमती आशीष शुक्ला एवं कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने उद्गार व्यक्त किये। सर्वप्रथम कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष पंडित प्रदीप मिश्रा, संरक्षकगण एवं पदाधिकारीगण सर्वश्री पातांजलि बाजपेयी, सुरेन्द्र नाथ बाजपेयी, नीरज बाजपेयी, प्रीतक बाजपेयी, सचिन द्विवेदी एवं सुनील बाजपेयी ने दीप प्रज्जवलित किया एवं शास्त्री जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस बीच गूगलमीट प्लेटफार्म पर ऑनलाईन लिंक के माध्यम से जुड़कर देश विदेश के सुधिजनों ने परिसंवाद में अपनी सहभागिता दर्ज कराई एवं ऑनलाईन परिसंवाद के माध्यम से इस आयोजन को प्रारंभ होते हुए देखा। मुख्य अतिथि रामदत्त चक्रधर ने मुख्य अतिथि की आसंदी से अपना सारगर्भित उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक वीरेन्द्र पाण्डे सहित वक्तागण श्रीमती आशीष शुक्ला एवं पं. प्रदीप मिश्रा ने अपने उद्गार व्यक्त किये। आभार प्रदर्शन कान्यकुब्ज सभा के सचिव अजय शुक्ला ने किया।

# बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग कर लोकतंत्र में निभाई अपनी सहभागिता





राजनांदगांव (दावा)। लोकतंत्र के महापर्व में पोस्टल-बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग के लिए 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के घरों तक मतदान दलों ने दस्तक दी है, जो मतदान केन्द्रों तक जाने में असमर्थ हैं। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान अधिकारियों द्वारा शहर से लेकर गांव तक चिन्हांकित बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर जाकर होम वोटिंग कराया गया। होम वोटिंग कराने गये मतदान अधिकारियों को घर के दहलीज में देखकर दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के चेहरे पर मुस्कान और उल्लास देखते बनी। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने लोकतंत्र में हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर की। इसके लिए मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी है। जिसके तहत आज पूरे जिले में मतदान अधिकारियों द्वारा चिन्हांकित बुजुर्ग और दिव्यांगजनों का होम वोटिंग कराया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पात्र बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं का लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए होम वोटिंग के माध्यम से मताधिकार के प्रयोग की यह अभूतपूर्व पहल ऐतिहासिक है। जिले के बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों ने होम वोटिंग सुविधा का लाभ लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संयुक्त जिला कार्यालय से होम वोटिंग के लिए सामग्री वितरण कर मतदान दल को रवाना किया गया। जिले में विशेष मतदान दलों द्वारा कड़ी मेहनत करके होम वोटिंग कराया जा रहा है। राजनांदगांव शहर के लखोली सतनामीपारा निवासी 55 वर्षीय तेजदास साहू ने घर पर मतदान अधिकारियों को देखकर बहुत खुशी जाहिर की। श्री साहू ने बताया कि वे पिछले विधानसभा निर्वाचन में भी घर पर ही वोट दिया था। श्री साहू ने बताया कि वे दोनों पैर और हाथों से दिव्यांग है। जिसके कारण मतदान केन्द्र में जाने में समस्या होती थी। वे प्रत्येक निर्वाचन के दौरान आटो या अन्य साधन द्वारा बूथ में जाकर वोट देते थे और लोकतंत्र का हिस्सा बनते थे। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की सराहनीय पहल है जिसके कारण दिव्यांगजनों को वोट देने में आसानी हुई है। लखोली सतनामी पारा 27 वर्षीय श्रीमती तरूणा सतनामी बचपन से ही दिव्यांग है।

# 4 करोड़ पीएम आवास बनाने का भाजपाई दावा झूठा : कांग्रेस


मोदी सरकार ने बनाये मात्र 2 करोड़ 55 लाख 17 हजार 812 आवास

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं दुर्ग संभाग मीडिया प्रभारी धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा मोदी की फोटो लगाकर पोस्टर और विज्ञापन में 4 करोड़ आवास देने का जो दावा कर रही है, वह सरासर झूठा है। केंद्र सरकार के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2 करोड़ 95 लाख के करीब आवास बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। उसमें से 2 करोड़ 94 लाख 68 हजार 272 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसमें से मात्र 2 करोड़ 55 लाख 17 हजार 812 आवास ही पूर्ण हो पाये हैं। आज भी 39 लाख 50 हजार 460 आवास नहीं बन पाए हैं। फिर भाजपा बताएं कि 4 करोड़ आवास मोदी सरकार ने कहां बनाया है? भाजपा के 4 करोड़ मकान बनाने के विज्ञापन से प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी गड़बड़ी और घोटाला की आशंका सामने आ रही है?

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता को 18 लाख आवास बनाकर देने का वादा किया था, अपनी केबिनेट की पहली बैठक का निर्णय पर अमल नहीं कर सकी है। छग सरकार क्योंकि 18 लाख आवास को मोदी सरकार ने स्वीकृति प्रदान नहीं की। 2011 के जनगणना के अनुसार प्रदेश के 18 लाख से अधिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलना था, लेकिन मात्र 11 लाख 76 लाख 142 स्वीकृत किये। जिसमें कांग्रेस की सरकार ने 9 लाख 63 हजार 936 आवास बनाकर हितग्राहियों को दे दिए हैं और शेष आवास का काम निर्माणाधीन है। केंद्र सरकार के द्वारा जारी राज्यवार प्रधानमंत्री आवास की आंकड़े जारी करके भाजपा को आईना दिखाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का गृह राज्य गुजरात में प्रधानमंत्री आवास के 603922 स्वीकृत आवास में से 92167 से अधिक आवासों का निर्माण नहीं हुआ हैं एवं अरूणाचल प्रदेश पूर्ण आवास 28420, असम पूर्ण आवास 17,73,299, बिहार पूर्ण आवास 36,45,255, छत्तीसगढ़ पूर्ण आवास 9,63,936, गोवा पूर्ण आवास 226, गुजरात पूर्ण आवास 5,11,547, हरियाणा पूर्ण आवास 28278, हिमाचल प्रदेश पूर्ण आवास 15,021, जम्मू और कश्मीर पूर्ण आवास 2,03,640, झारखंड पूर्ण आवास 15,58,228, केरल पूर्ण आवास 32,830, मध्यप्रदेश पूर्ण आवास 36,39,617, महाराष्ट्र पूर्ण आवास 12,12,732, मणिपुर पूर्ण आवास 30,486, मेघालय पूर्ण आवास 46,121, मिजोरम पूर्ण आवास 9,267, नागालैंड पूर्ण आवास 9,518, ओडिशा पूर्ण आवास 20,23,355, पंजाब पूर्ण आवास 35,986, राजस्थान पूर्ण आवास 16,82,177, सिक्किम पूर्ण आवास 1,275, तमिलनाडु पूर्ण आवास 5,94,787, त्रिपुरा पूर्ण आवास 3,27,647, उत्तर प्रदेश पूर्ण आवास 34,87,645, उत्तराखंड पूर्ण आवास 48,179, पश्चिम बंगाल पूर्ण आवास 34,10,965, अंडमान निकोबार पूर्ण आवास 1,225 दादरा और नगर हवेली दमन और दीव पूर्ण आवास 3,823 लक्षद्वीप पूर्ण आवास 45, आंध्र प्रदेश पूर्ण आवास 67,479, कर्नाटक पूर्ण आवास 1,21,940, लद्दाख पूर्ण आवास 2,863 ही बना है, जिसका कुल योग 2,55,17,812 है। ऐसे में 4 करोड़ आवास बनाने का दावा जनता को धोखा देना है।

# बाजार अतरिया में शैडो विधायक विक्रांत सिंह का जनसंपर्क



खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के समर्थन में ग्राम बाजार अतरिया में जिला पंचायत उपाध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति सदस्य व शैडो विधायक विक्रांत सिंह ,विकेश गुप्ता ,जिला पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा एवं ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कमल फूल छाप में बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने हेतु मार्केट में सघन जनसंपर्क किया गया।

# कृषि विश्व विद्यालय का बी.टेक. (खाद्य प्रौद्योगिकी) 4 वर्षीय पाठ्यक्रम- एक नया अवसर

**रायपुर (दावा)। विगत कुछ वर्षो में खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी से संबंधित उपक्रम एक बड़े एवं विस्तृत रूप में सामने आये हैं। सर्वेक्षण के द्वारा यह मालूम किया गया है कि प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होने से एवं बदलते समय के अनुसार व्यस्त जिंदगी में शहरी लोगों की जीवन शैली में प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की मांग में लगातार बढोत्तरी हो रही है। इस प्रकार की स्थिति से हमारा प्रदेश भी अछुता नहीं है।**

छत्तीसगढ़ प्रदेश में विभिन्न फसलों की, सब्जियों की, फलों की एवं लघु अनाज एवं वनोपज की प्रचुरता को देखते हुए इस प्रदेश में भी खाद्य प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रसंस्करण की तकनीकों का उपयोग करते हुए अनेक प्रकार के डब्बा बंद, प्रसंस्कृत उत्पाद, इंस्टैंट/रेडी-टू-इट प्रकार के खाद्य व्यंजनों का निर्माण आसानी से किया जा सकता हैं। समय की कमी से लोग आज-कल डब्बा बंद, प्रसंस्कृत उत्पाद, इंस्टैंट/रेडी-टू-इट प्रकार के खाद्य व्यंजनों को वरीयता दे रहें हैं। फसल और फल सब्जियों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा हैं एवं उनकी खपत उस मौसम में न होने के कारण अधिकांश समय कृषकों को हानी की संभावना होती हैं। ऐसी स्थिति से बचने के लिये इन फसलों, फल, सब्जियों में खाद्य प्रौद्योगिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण की तकनीकों का उपयोग करके इनसे मुल्यवर्धित उत्पादों का निर्माण किया जा सकता हैं, जिसे की गैर मौसमी समयकाल में आसानी से उपयोग किया जा सकता है एवं ऐसा करने से कृषक समुदाय को आर्थिक लाभ आवश्यक रूप से प्राप्त होगा। इन फसलों से मूल्यवर्धित पदार्थ बनाने से प्रदेश के किसानों, युवाओं, महिला स्व सहायता समूहों को रोजगार प्राप्त करने में भी आसानी होगी। इसका आशय यह है कि खाद्य प्रौद्योगिकी आधारित प्रसंस्करण के कार्य भविष्य के लिये अत्यंत उपयोगी हैं एवं इस क्षेत्र के बहुमुखी विकास हेतु मानव संसाधन का विकास करना अति आवश्यक हैं। अन्य प्रदेशों ने इस विषय की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने प्रदेशों जैसे महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, कर्नाटका, तमिलनाडु, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश आदि प्रदेशों में या तो अनुसंधान के केन्द्र प्रारंभ किये गये या बी.टेक. (खाद्य प्रौद्योगिकी) के शैक्षणिक संस्थान प्रारंभ किये गये।



छत्तीसगढ प्रदेश में भी खाद्य प्रौद्योगिकी के महत्व को स्वीकार करते हुए प्रदेश शासन ने इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय के अंतर्गत खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रायपुर में वर्ष 2020 से प्रारंभ किया हैं एवं इस 4 वर्षीय पाठ्यक्रम के पश्चात बी.टेक. (फुड टेक्नालॉजी) की उपाधि प्रदान की जावेगी। इसका सिलेबस भारतीय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित हैं। इस बी. टेक. (फुड टेक्नालाजी) कोर्स की 36 सीटों में प्रवेश हेतु विद्यार्थी को गणित, भौतिक, रसायन विषय के साथ 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य हैं तथा व्यापमं छत्तीसगढ द्वारा आयोजित पीईटी की परीक्षा में प्रावीणता के आधार पर प्रवेश दिया जाता हैं। वर्ष 2024-25 में इस पाठयक्रम में प्रवेश का विज्ञापन शीघ्र ही जारी किया जावेगा एवं अधिक जानकारी हेतु www.igkv.ac.in का भ्रमण करें। प्रवेश संबंधित जानकारी हेतु 9425525249 पर व्हाट्सएप कर सकते हैं। इस 4 वर्षीय पाठयक्रम के दौरान विद्यार्थियों को खाद्य अभियांत्रिकी, खाद्य प्रौद्योगिकी, खाद्य रसायन, खाद्य माइक्रोबायोलाजी, खाद्य व्यापार प्रबंधन, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच से संबंधित विषयों को महत्व के अनुसार शिक्षण एवं प्रायोगिक कार्य हेतु अलग-अलग घंटे निर्धारित किये गये हैं। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को खाद्य प्रौद्योगिकी से संबंधित संस्थानों-केन्द्रों-इंडस्टीज जैसे बेकरी उद्योग, रेडी-टू-ईट फूड, विभिन्न प्रकार के बेवरेजेज, खाद्यान्नों की पिसाई यूनिट, खाद्य तेल से संबंधित उद्योग, फल और सब्जी के विभिन्न मुल्यवर्धित पदार्थ तथा इनकी पैकेजिंग, दूग्ध एवं दुग्ध-निर्मित उत्पाद, अनाज प्रसंस्करण, कन्फेक्शनरी, चॉकलेट, सोया-निर्मित उत्पाद, नमकीन, स्नैक्स, चिप्स, बिस्कुट, तरह-तरह के मसाला उद्योग में प्रशिक्षण हेतु अनुलग्न किया जावेगा एवं संतोषजनक प्रशिक्षण के पश्चात विद्यार्थी उपाधी हेतु योग्य होगा। बी.टेक (फुड टेक्नालॉजी) स्नातक खाद्य प्रसंस्करण-खाद्य प्रौद्योगिकी संबंधित क्षेत्र के शासकीय-निजी संस्थान-उपक्रम में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं तथा देश-विदेश के अनेक विश्व विद्यालयों-संस्थानों में उच्च अध्ययन हेतु प्रवेश ले सकते हैं।

***अमेठी के बाद राहुल गांधी को....***

बारे में बात कर रहे हैं. मोदी ने कहा, केवल 10 वर्षों में देश ने विकास की एक लंबी यात्रा तय की है. प्रधानमंत्री ने कहा कि जब उन्होंने 2014 में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा था, तो देश में आतंकवादी हमलों और विस्फोटों के बारे में चर्चा होती थी. उन्होंने कहा कि लेकिन अब 'सर्जिकल स्ट्राइक' की बात होती है. मोदी ने कहा कि उन्होंने गरीबी का जीवन जीया है, गरीबों के दर्द को समझा है. नांदेड़ की रैली में उन्होंने कांग्रेस पर विकास की राह में बाधा डालने का आरोप लगाया और कहा कि देश की प्रगति के लिए काम करने के संबंध में उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता.

पीएम मोदी ने प्रत्यक्ष तौर पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया% के कुछ नेता जो कई वर्ष लोकसभा के सदस्य रहे, उन्होंने अब संसद का निचला सदन छोड़ दिया और राज्यसभा चले गए क्योंकि उनमें लोकसभा चुनाव लड़ने का साहस नहीं है. प्रधानमंत्री ने कहा, ''क्या कोई मतदाता ऐसे लोगों के लिए अपना वोट बर्बाद करेगा? इसके बजाय वह 'विकसित भारत' के लिए मतदान करेगा. कांग्रेस किसानों, गरीबों और महिलाओं के विकास में बाधा रही है... भरोसा नहीं है कि पार्टी देश की प्रगति के लिए काम करेगी. मोदी ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के हालिया बयान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने राहुल गांधी की आलोचना की थी. प्रधानमंत्री ने कहा, 'यहां तक कि मैं भी इस तरह की टिप्पणी नहीं कर सकता.' उन्होंने कहा कि कृषि संकट और किसानों की समस्या एक दिन में पैदा नहीं हुई बल्कि कांग्रेस की त्रुटिपूर्ण नीतियों के कारण हुई लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार उनके कल्याण के लिए काम करने को प्रतिबद्ध है. मोदी ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस के शासनकाल की खराब चीजों को सुधारने में दस साल लगाए. प्रधानमंत्री ने कहा, 'अब हमें और मेहनत से काम करना है. प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को स्वार्थी दलों का गुट करार दिया, जो अपने-अपने भ्रष्टाचार छिपाने के लिए साथ आए हैं. उन्होंने दावा किया कि पहले ही चरण में मतदाताओं ने इस गठबंधन को नकार दिया है. उन्होंने 'इंडी' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके पास कोई चेहरा ही नहीं है, जिस पर लोग देश के भविष्य के लिए भरोसा कर सकें. मोदी ने कहा, 'वे जो चाहे दावे करें लेकिन हकीकत यही है कि कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव की घोषणा से पहले ही हार स्वीकार कर ली है. उन्होंने कहा, ''चार जून को नतीजे आने के बाद 'इंडिया' गठबंधन के सदस्यों के बीच चौतरफा लड़ाई छिड़ जाएगी. आपको इन लोगों को चुनाव में सबक सिखाने की जरूरत है.

## प्रथम पेज का शेष

***ईडी की हिरासत में अनिल ...***

पर जनवरी 2024 में एफआईआर दर्ज की है। ईओडब्ल्यू के दर्ज एफआईआर में अनिल टुटेजा, अरुणपति त्रिपाठी और अनवर ढेबर को शराब घोटाला का मास्टरमाइंड बताया गया है। एफआईआर में शामिल बाकी आईएएस और अन्य सरकारी ऑफिसर और लोग सहयोग किये थे। शराब घोटाला से होने वाली आमदनी का एक बड़ा हिस्सा इन्हीं तीनों को जाता था। टुटेजा आईएएस ऑफिसर हैं, जब घोटाला हुआ तब वे वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव थे। दूरसंचार सेवा से प्रतिनियुक्ति पर आए त्रिपाठी आबकारी विभाग के विशेष सचिव और छत्तीसगढ़ मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के एमडी थे। वहीं अनवर ढेबर रायपुर के मेयर एजाज ढेबर के बड़े भाई और शराब कारोबारी है।

100 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर- ईडी ने शराब और कोयला घोटाला मामले में दो पूर्व मंत्रियों, विधायकों सहित 100 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। इनमें भूपेश सरकार में आबकारी मंत्री रह चुके कवासी लखमा, मंत्री मरजीत भगत, पूर्व विधायक, गुलाब कमरो, शिशुपाल, बृहस्पत सिंह, चंद्रदेव प्रसाद राय, यूडी मिंज, विधायक देवेंद्र यादव के नाम शामिल हैं। इनके अलावा दो निलंबित आईएएस (समीर विश्नोई, रानू साहू), रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर और कांग्रेस कोषाध्यक्ष समेत अन्य के नेताओं के नाम शामिल हैं।

***मुरादाबाद से भाजपा उम्मीदवार ...***

भाजपा जीतेगी तो उप चुनाव होगा- डीएम- डीएम मानवेंद्र सिंह ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश कुमार के निधन की जानकारी मिली है। इससे चुनाव प्रक्रिया पर को कोई असर नहीं पड़ेगा। मतगणना निर्धारित तिथि पर आयोजित होगी। यदि भाजपा चुनाव जीतती है तो उप चुनाव होगा। भाजपा हारती है तो कुछ नहीं होगा।


***टैक्स कलेक्शन में छत्तीसगढ़ ...***

निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय संभाग एक रायपुर होगा। राज्य कर आयुक्त द्वारा संयुक्त आयुक्त राज्य कर रायपुर संभाग एक एवं दो की दिनांक 18 एवं 19 अप्रैल को ली गई समीक्षा बैठक में संयुक्त आयुक्तों को भी निर्देशित किया गया कि वे भी अपने अधीनस्थ अधिकारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखें और कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करें। संयुक्त आयुक्त राज्य कर रायपुर संभाग एक द्वारा दो राज्य कर निरीक्षकों दीपा उथवानी तथा विमल खांडेकर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार रायपुर संभाग दो के संयुक्त आयुक्त द्वारा अपने अधीनस्थ 5 अधिकारियों श्वेता चंद्राकार, सहायक आयुक्त प्रभाकर उपाध्याय राज्य कर अधिकारी, राकेश अरोरा राज्य कर अधिकारी प्रीति बघेल और मुकेश कश्यप सहायक ग्रेड 3 को कारण कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

# वो ताकत से तानाशाही चाहते हैं और कांग्रेस लोगों के लिए न्याय चाहती है - अब्दुल कलाम



राजनांदगांव(दावा)। ओड़िशा प्रभारी व नेशनल कोऑर्डिनेटर अब्दुल कलाम खान ने भूपेश बघेल की जीत सुनिश्चित बताई है। उन्होंने कहा कि-किसानों की खिलाफत करनी वाली भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडेय किसानों को खालिस्तानी ठहराते रहे हैं, उनकी हार ही किसान आंदोलन में शहीद हुए 7 सौ किसानों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। खान ने कहा कि-बीजेपी के नेता कहते हैं कि संविधान बदलना ही संविधान को बचाना है। वे भारतीय नागरिकों के अधिकारों को छीनना चाहते हैं। मोदी सरकार चाहती है कि देश का बाशिंदा सिर्फ उनके इशारों पर चले। वो ताकत से तानाशाही चाहते हैं और कांग्रेस लोगों के लिए न्याय चाहती है। कांग्रेस के न्याय पत्र में शामिल पांच न्याय और 25 गारंटी से यह साफ है। उन्होंने कहा कि-कांग्रेस ने 30 लाख नौकरी, एमएसपी की गारंटी, महिलाओं हर साल एक लाख और महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण, मणिपुर शांति और संविधान को बचाना कांग्रेस की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि-मोदी सरकार में न महिलाएं सुरक्षित हैं न किसान। अब वक्त आ गया है कि, कांग्रेस को चुने, ताकि देश सहीं दिशा में आगे बढ़े।




































स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com